www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –110 । भोपाल, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

खाद्य एवं औषधि विभाग की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट फाइलों में बंद पृष्ठ 2
▸ अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस! ▸ सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश पृष्ठ 4
▸ औपचारिक रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पृष्ठ 6
शिप्रा के 29 किमी घाट 2 वर्षों में तैयार हो जाएंगे, परिक्रमा करने वाले यात्रियों को सुविधा होगी पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### फिर एक मंच पर दिखे शरद अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

### मांगी लाल जाट बने भाकृअनुप के महानिदेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 17 अप्रैल को एक अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी 2025 में 16.10 लाख सदस्यों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2024 की तुलना में शुद्ध वृद्धि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य पहली बार ईपीएफओ से जुड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में लगभग 2.08 लाख नई महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं। यह फरवरी 2024 की तुलना में यह 1.26 प्रतिशत वृद्धि है। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सदस्यों की संख्या में 59.75 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### बेंगलुरु में वायुसेना अधिकारी और पत्नी पर हमला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे। उसी दौरान बीच रास्ते में कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और गाड़ी रोककर मारपीट की। शिलादित्य के सिर और चेहरे से खून बह रहा था। पत्नी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद पति-पत्नी थाने पहुंचे। पहले पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। हालांकि उनकी पत्नी के कहने पर बायप्पनहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (नवाचार श्रेणी) प्राप्त किया। मलिक को यह पुरस्कार देश भर में पोषण सेवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पोषण ट्रैकर ऐप के लिए प्रदान किया गया। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण और बाल देखभाल सेवाओं के वितरण से जुड़े डेटा तुरंत प्रदान करने के लिए करते हैं।

### बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आम तो आम अब खास लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ताजा मामला राजधानी पटना का है। जहां बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को गोली मार दिया है। पूरा मामला बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने महिला पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के पास ही एक दुकान चलाती थी। उसके घर के पास ही अपराधियों ने उसे गोली मारी है। महिला जदयू नेत्री के साथ साथ समाजसेवी भी है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घटना के बाद घायल महिला को आनन फानन में पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। मामला पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र इलाके का है।

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन



परम पावन पोप फ्रांसिस को दुनिया भर में लाखों लोग करुणा, विनम्रता व आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेंगे : नरेंद्र मोदी

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस शांति से आराम करें। भगवान उन्हें और उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों को आशीर्वाद दें : डोनाल्ड ट्रंप

पोप फ्रांसिस ने कैथोलिक चर्च से परे, अपनी विनम्रता और कम भाग्यशाली लोगों के प्रति शुद्ध प्रेम से लाखों लोगों को प्रेरित किया : उर्सुला वॉन डेर लेयेन

## वेटिकन में 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**वेटिकन, एजेंसी।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पोप के निधन पर दुख जताया है। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### पोप फ्रांसिस को वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा

पोप फ्रांसिस एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा।

## रायसेन और शहडोल में हुए सड़क हादसे में 10 की जान गई

# पुलिया से टकराकर खाई में गिरी जीप, 6 की मौत

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के ग्राम बम्हौरी के पास एक टेम्पो और जीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो साल बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हुए हैं। घायलों में दूल्हा-दुल्हन भी शामिल हैं। घटना का कारण जीप के चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इंदौर के चंदननगर निवासी दीपक पुत्र बालाराम चौपड़ा की बारात बिहार के पटना गई थी, जहां से वापस लौटते समय सोमवार सुबह उक्त हादसा हुआ। सुबह की ठंडी हवा में जीप के चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे जीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना के समय जीप में सवार सभी लोग सो रहे थे। इनमें दूल्हा-दुल्हन भी शामिल थे। जो गंभीर रूप घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है।



एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक हादसे में 2 महिलाओं, 1 बच्ची और 3 पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## शहडोल सड़क हादसे में 4 मृत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के करौंदिया गड़ा रोड पर बारातियों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप के नीचे दबने से 4 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 20 घायल हो गए। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में रामभान बैगा, प्रेमलाल बैगा, शिव पूजन बैगा, गोरेलाल बैगा की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार जगजीवन सिंह गोड और उनकी पत्नी भी घायल हो गईं हैं। दोनों का उपचार देवलौंद अस्पताल में ही चल रहा है। पुलिस के अनुसार, सीधी जिले के बहेरा डोल के मझौली से बैगा परिवार के लड़के की बारात देवलौंद के करौंदिया गांव आई थी। विवाह समारोह के बाद पिकअप सवार बाराती वापस मझौली लौट रहे थे, इस दौरान करौंदिया गड़ा रोड पर सामने से आ रही बाइक से पिकअप की टक्कर हो गई। हादसे के बाद पिकअप पलट गई, जिसके नीचे कई बाराती दब गए। थाना प्रभारी डीके दहिया के अनुसार हादसे में गंभीर रूप से घायल चार बारातियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांच घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ब्यौहारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित प्रकाश ने बताया कि घायलों का उपचार चल देवलौंद अस्पताल में चल रहा है।


## अमेरिका में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को किया संबोधित, कहा-

# चुनाव आयोग ने कर लिया समझौता

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवाल

**बोस्टन, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना



शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पिछले महीने 10 मार्च को राहुल ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा था ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### विदेशी धरती पर देश का अपमान करना पुरानी आदत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया भी आई। भाजपा नेता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। वे लंबे समय से ऐसा करते आ रहे हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है और देश को लूटने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अशांति का माहौल बना रही है। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## मुख्यमंत्री ने सिविल सेवा दिवस समारोह को किया संबोधित, बोले-

# जनसेवा का प्रभावी माध्यम है सिविल सेवा



- अधिकारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया
- 1 लाख रुपए का चेक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का निस्संदेह सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है – लोगों की हर संभव तरीके से सेवा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) के अवसर पर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी सिविल सेवकों को लोक सेवा दिवस की बधाई दी और सभी से अपने उत्तरदायित्वों के प्रति संकल्पबद्ध रहने का आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, समर्पण, मनोयोग के साथ निभाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के चयनित 16 सिविल सेवकों (अधिकारियों) को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### इन्हें मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के लिए 16 लोक सेवकों में क्रमश: श्री माधव प्रसाद पटेल (माध्यमिक शिक्षक), श्रीमती अदिति गर्ग (तत्कालीन सीईओ आयुष्मान भारत निरामयम योजना), डॉ. इंदिरा दांगी (शिक्षक) आष्टा जिला सीहोर, श्रीमती शारदा डुडवे (माध्यमिक शिक्षक) चंद्रशेखर आजाद नगर, श्री आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया जिला दमोह, श्री चंद्रमोहन ठाकुर तत्कालीन प्रबंध निदेशक भवन विकास निगम, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय भोपाल, श्री संजय जोशी प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, श्री अमित तोमर तत्कालीन प्रबंध संचालक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर, श्री ऋषव गुप्ता पूर्व कलेक्टर देवास, श्री गणेश शंकर मिश्रा तत्कालीन प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, श्री दिव्यांक सिंह तत्कालीन सीईओ स्मार्ट सिटी परियोजना इंदौर, श्री प्रवीण सिंह अढायच पूर्व कलेक्टर सीहोर, प्रो. बेला सचदेवा सहायक प्राध्यापक इंदौर, श्री भूपेंद्र कुमार चौधरी माध्यमिक शिक्षक चिमनाखारी जिला सिवनी तथा सुश्री शीला दाहिमा अतिरिक्त सचिव शिक्षा विभाग को नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए।

### प्रधानमंत्री ने कलेक्टर झाबुआ को किया सम्मानित



### जनजातीय बाहुल्य जिले में स्वास्थ्य, कृषि और आवास क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया पुरस्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** सिविल सेवा दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलेक्टर झाबुआ सुश्री नेहा मीणा को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरुस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले को प्राप्त पुरस्कार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह निश्चित ही गर्व का अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने झाबुआ कलेक्टर के साथ ही समस्त टीम को भी बधाई दी है।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

झाबुआ एबीपी के अंतर्गत देश के 16 जिलों के लोक सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित किया गया। झाबुआ को प्राइम मिनिटर्स अवार्डस फॉर एक्सिलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन : 2024 की एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। झाबुआ जिले में दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को गति मिली है। रामा ब्लॉक में पोषण आहार, किसानों की समृद्धि के लिए प्रयास, पेयजल प्रबंध के अंतर्गत हर घर जल एवं हर वंचित को पक्के मकान का संकल्प साकार हो रहा है। झाबुआ में नवाचार के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनजातीय वर्ग को लाभान्वित करने, किसानों को मृदा कार्ड उपलब्ध करवाने और आवास के क्षेत्र में विशेष प्रयास किए गए।

## भाजपा सांसद ने शीर्ष अदालत व प्रधान न्यायाधीश पर की थी टिप्पणी

# निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है। सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था



### अवमानना याचिका के लिए हमारी जरूरत नहीं, अटॉर्नी जनरल से लें इजाजत : सुप्रीम कोर्ट

कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी।



पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने दायर की है। अनस तनवीर भी वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं में से एक का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी को पत्र लिखकर उनकी मंजूरी मांगी है। पत्र में कहा गया है कि दुबे ने सर्वोच्च अदालत की गरिमा को कम किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को अपने एक बयान में सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसमें दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाएगा तो फिर संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। भाजपा सांसद ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर तंज कसते हुए कहा कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई जिम्मेदार होंगे। निशिकांत दुबे की यह टिप्पणी वक्फ संशोधन कानून को लेकर आई। वक्फ संशोधन कानून के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों को लेकर सवाल उठाए हैं, जिसके बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक कानून के कुछ प्रावधानों को लागू करने पर रोक लगा दी है। भाजपा ने भी शनिवार को खुद को निशिकांत दुबे के बयान से अलग कर लिया और दुबे के बयान को उनके निजी विचार बताया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं से अपील की है कि वे ऐसी टिप्पणियां न करें।

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर याचिकाओं को सुनने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा-क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा था कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले थे कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकते। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में मुर्शिदाबाद हिंसा से जुड़ी दूसरी याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें वकील ने मुर्शिदाबाद हिंसा के चलते लोगों के पलायन की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से सवाल किया कि आपकी इस सूचना का सूत्र क्या है, क्या आपने खुद जांच की थी। इस पर वकील ने जवाब दिया-मीडिया रिपोर्ट्स। ध्यान रहे कि पश्चिम बंगाल हिंसा को लेकर मंगलवार, 22 अप्रैल को भी एक याचिका सुनवाई के लिए लगी है। 2021 में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद दाखिल रंजना अग्निहोत्री की यह याचिका अभी तक लंबित है। उसी याचिका में उनके वकील विष्णु शंकर जैन ने नया आवेदन दाखिल किया है। इस आवेदन में हिंसा की नई घटनाओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति शासन की ज़रूरत बताई गई है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की है कि वह केंद्र को राज्यपाल से अनुच्छेद 355 के तहत रिपोर्ट मांगने का निर्देश दे।

## सार समाचार

### छुट्टी पर गए सीएमएचओ, माथुर को मिला प्रभार

**गुना, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर चिकित्सा अवकाश पर चले गए हैं। उनके अवकाश से वापस लौटने तक अस्थाई रूप से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरआर माथुर को सीएमएचओ का प्रभार सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक डॉ. माथुर अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ सीएमएचओ का संपूर्ण प्रभार (प्रशासकीय एवं वित्तीय) संभालेंगे।

### पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद की शाखा का गठन

**गुना, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद की गुना-मक्सी और अशोकनगर-गुना-ग्वालियर शाखा के अध्यक्ष व सचिव का गठन कर लिया गया है। इसके लिए रेलवे प्रांगण में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में संगठन की बैठक रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद भारतीय मजदूर संघ और भारतीय रेलवे मजदूर संघ से संबंधित संगठन है। सदस्य कर्मचारियों की मौजूद में हुए संगठन विस्तार के दौरान आरपी मीणा को गुना-मक्सी शाखा का अध्यक्ष चुना गया है, जबकि हुकम सिंह प्रजापत सचिव बनाए गए हैं। इसी तरह अशोकनगर-गुना-ग्वालियर शाखा से सोनू जाटव को अध्यक्ष बनाया गया है, सचिव पद की जिम्मेदारी शिवदयाल पटेल को सौंपी गई है। शाखा गठन के बाद सभी कर्मचारियों ने आने वाले दिनों में संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की शपथ ली है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्व और संगठन के प्रति कर्तव्यों से अवगत कराया और आगामी चुनावों की योजना पर चर्चा की गई। इस मौके पर परिषद के महामंत्री शिशिर रिछारिया, उपाध्यक्ष राजेश दुबे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पेंशनर पार्क में पंच कुंडीय हवन गायत्री हवन संपन्न

**गुना, देशबन्धु।** शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित पार्क में पंच कुंडीय गायत्री हवन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में संगठन के पदाधिकारी अपने परिवार सहित शामिल हुए। अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग से पेंशनर पार्क में आयोजित पंच कुंडीय गायत्री हवन पूरी तरह प्राकृतिक वातावरण में किया गया। आयोजन के दौरान सुबह का वातावरण था, हल्की-हल्की हवाएं चल रही थीं, वृक्ष लहराते हुए नजर और पक्षियों की चहचहाट के बीच हवन कुंड की वेदियों में सदस्यों द्वारा अपनी आहूतियां समर्पित की गईं। पेंशनर संघ के अध्यक्ष की अगुवाई में आयोजित गायत्री हवन के दौरान गायत्री परिवार के भाई-बहनों ने ढपली की ताल पर सुमधुर गीत प्रस्तुत करते हुए समां बांध दिया। आयोजन में शामिल लोग भाव-विभोर नजर आए।

### बरखेड़ी में टेंट लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत

**गुना, देशबन्धु।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र में टेंट लगा रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी सामने आई है कि ग्राम मेहमूद नगर निवासी 25 वर्षीय गोकुल पुत्र मेहताब सिंह भील रविवार देर रात ग्राम बेरखेड़ी में होने वाले शादी समारोह के लिए टेंट लगा रहा था, अचानक पाइप में करंट आ गया जिससे गोकुल झुलस गया और उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। विवाह आयोजक को कई कार्यक्रम स्थगित करने पड़े। वहीं गोकुल भील के शव को गुना जिला अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार सुबह पोस्टमार्टम किया गया है। परिजनों के मुताबिक गोकुल भील विवाहित था, उसका एक छोटा बच्चा भी है। मृतक पिछले 4 सालों से टेंट हाउस के लिए काम करता था। अचानक हुए हादसे के चलते गोकुल के परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। जिला अस्पताल में परिजन विलाप करते नजर आए।

समोसे, जलेबी, मिठाई आरओ प्लांट के पेयजल की भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं

# खाद्य एवं औषधि विभाग की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट फाइलों में बंद

- सैंपल भरने का जमकर प्रचार, रिपोर्ट नदारद
- सैंपल रिपोर्ट में देरी और संदेह का लाभ मिलने से बढ़ रहे हैं हौंसले




**गुना, देशबन्धु।** खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को परखने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग पर जिम्मा है। विभाग की ओर से बीते कुछ महीनों में छोटे-बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों से सैंपल भी खूब लिए गए और इनका जमकर प्रचार-प्रसार किया गया। हर सैंपलिंग के बाद मीडिया तक खबरें पहुंचाई जाती हैं कि विभाग की ओर से संबंधित संस्थान पर जाकर सैंपल लिया गया है। लेकिन यह जानकारी नदारद है कि आखिर सैंपल का हुआ क्या? यह रिकॉर्ड केवल विभाग के दस्तावेजों में ही उपलब्ध है, इसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इससे पता नहीं चलता है कि विभाग की ओर से की गई कार्रवाई के दौरान किस संस्थान का भोजन, नाश्ता बेहतर है और कौन मिलावट कर रहा है?

गौरतलब है कि गर्मी का सीजन आते ही मौसमी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। पिछले दिनों टायफाइड के मरीज बड़ी संख्या में सामने आए थे। इसके चलते लोगों ने बेहद सावधानी बरती और प्रयास किया कि घरेलू नुस्खों से ही इलाज कर लिया जाए। विशेषज्ञ मानते हैं कि मौसमी बीमारियों की प्रमुख वजह दूषित भोजन है। यह बीमारियां क्यों होती हैं, इससे भी खाद्य एवं औषधि विभाग भली-भांति परिचित है। साथ ही स्वास्थ्य महकमा भी जानता है कि मौसमी बीमारियों की सबसे बड़ी जड़ बाजार में बिकने वाली दूषित खाद्य सामग्री है। खासकर, होटलों पर खुले में रखे समोसे, कचौड़ी और जलेबी जैसे खाद्यान्न लोगों को गर्मी की शुरुआत और सर्दियों की विदाई के सीजन में खासे प्रभावित करते हैं। माना जाता है कि तेज गर्मी भी अप्रैल में ही अपनी दस्तक देती है और इस मौसम में खान-पान के प्रति सतर्कता नहीं बरती गई तो बीमारियों की आमद भी यही मौसम लेकर आता है। हालांकि तापमान अभी से अपना असर दिखा रहा है और 41 डिग्री के आसपास पारा पहुंच गया है।

**सैंपल आने में देरी :** गुना जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग पिछले कुछ समय से सक्रिय है। हालांकि प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत सैंपलों को तेजी से भरा जा रहा है और जांच के लिए लैब भी भेजा रहा है। इसके बावजूद बाजार से दूषित खाद्य सामग्री गायब हो गई हो, यह नहीं कहा जा सकता। कार्रवाई के बावजूद भी दुकानदार लापरवाही क्यों बरतते हैं, इसका बड़ा कारण है सैंपल की रिपोर्ट आने में देरी और बाद में कार्रवाई के दौरान संदेह का लाभ मिलने की वजह से विक्रेता का आसानी से बच निकलना। दोनों ही मामलों में खाद्य एवं औषधि विभाग की कोई भूमिका नहीं होती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जिस खान-पान को हम रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ावा दे रहे हैं। वह बेहद घातक है।

**सब्जियों-पानी की गुणवत्ता भी परखना जरूरी :** होटलों और रेस्टोरेंट में बिकने वाली खाद्य पदार्थ के अलावा सब्जियों की गुणवत्ता खराब होने से सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। शहर की मंडियों में कई दुकानदार ऐसे हैं, जो सस्ती सब्जी का लालच देकर दूषित सब्जियां ठिकाने लगा रहे हैं। इसी तरह अब सीजन पानी के केम्पर बेचने का भी आ रहा है। बेहतर होगा कि विभाग अभी से पानी बेचने वाले दुकानदारों की निगरानी करे। शासन के नियमानुसार आरओ प्लांट संचालित करने से पहले इसकी अनुमति सीएमएचओ कार्यालय के खाद्य एवं औषधि विभाग से लेनी जरूरी है। जिसके तहत संबंधित प्लांट संचालक को ऑनलाइन पंजीयन कराना होता है। अनुमति देने से पहले अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जानी होती है। यही नहीं प्लांट संचालक को निर्धारित समय पर पंजीयन रिन्यु भी कराना होता है। ऐसा न करने पर विभाग को संबंधित प्लांट पर कार्रवाई करनी होती है। शासन के इन सभी दिशा निर्देशों का पालन न तो खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी कर रहे हैं और न ही आरओ प्लांट संचालक मानवीय स्वास्थ्य की परवाह करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस तरह दोनों ही जिम्मेदार पक्षों के उदासीन व लापरवाह रवैए के कारण आमजन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**दूषित पानी से बढ़ रहीं हैं बीमारियां :** जिला अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि पेट दर्द की शिकायत लेकर आने वाले 10 मरीजों में से 3 लोगों को जांच उपरांत पथरी निकल रही है। इसका मुख्य कारण अमानक व दूषित पानी है। खास बात यह है कि इस समय अधिकांश लोग नगर पालिका द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी को दूषित मानकर निजी आरओ प्लांटों से पानी खरीदकर पी रहे हैं। लेकिन इस पानी की गुणवत्ता की जांच आज तक किसी भी आमजन ने नहीं कराई है। जिससे उन्हें आरओ प्लांट के पानी की सच्चाई पता नहीं चल पा रही है। जाने अनजाने में लोग आरओ प्लांट के पानी को शुद्ध मानकर पी रहे हैं। जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है।

हैरानी की बात यह है कि जिस विभाग को इनपर निगरानी की जवाबदारी है वह खुद तय नहीं कर पा रहे हैं कि किन पर कार्रवाई करना है।

## बाईपास पर ट्रक ने कार में मारी, टक्कर 3 घायल



- टेकरी सरकार के दर्शन कर वापस लौट रहे थे कार सवार

**गुना, देशबन्धु।** शहर के बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में शिवपुरी निवासी तीन लोग घायल हुए हैं।

जानकारी सामने आई है कि शिवपुरी जिला निवासी धाकड़ परिवार बेटी का टीका फलदान देने के लिए रुठियाई जा रहा था। इसी दौरान गुना बाईपास के रास्ते से टेकरी सरकार के दर्शन करने चला गया। दोपहर करीब 2.30 बजे वापस लौटने के दौरान बाईपास पर तेज गति से शिवपुरी की ओर जा रहे एक ट्रक ने धाकड़ परिवार की कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार अवधेश धाकड़ (40) निवासी गुआरीपुरा थाना पेहरी जिला शिवपुरी, कपिल धाकड़ पुत्र अवधेश धाकड़ (17), कपिल धाकड़ पुत्र पंचम सिंह धाकड़ (18) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि कार सवार पंचम धाकड़ और महेंद्र धाकड़ को कोई चोट नहीं लगी है। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग पंचम धाकड़ की बेटी का फलदान देने के लिए रुठियाई रवाना हुए थे।

### साहित्यिक समूह की गोष्ठी में काव्यपाठ

**गुना, देशबन्धु।** साहित्यिक समूह की ओर से गुना में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। एडवोकेट विनय जैन की अध्यक्षता में आयोजित कवि गोष्ठी में कई स्थानीय और बाहर से आए कवियों ने काव्य पाठ किया।कवि गोष्ठी की शुरुआत प्रदीप सेन ने कविता पाठ करते हुए कहाकि बस बंद किए आंखें पतवार लिए बैठा हूं, कुछ देख बदल जा तू, कि वक्त नहीं है अब। इसके बाद जाकिर मुस्तफा ने संजीदगी के साथ गजल पेश की। मनीष श्रीवास्तव ने अपनी शायरी से समां बांध दिया। हरकांत अर्पित ने कहाकि बदन जख्मी जले घर देखना है, हमें हर दिन यह मंजर देखना है, जो गुलदस्ता बनाने में माहिर थे, उन्हीं हाथों में पत्थर देखना है। अली अकबर ने शायर आयुष्मान खुराना की गजल पेश की। प्रदीप गांधी ने प्रख्यात गायक जगजीत द्वारा गाई एक गजल गाकर लोगों को अनोखे अहसास में डुबो दिया। यावर अब्बासी ने मुबारक सिद्दीकी की गजल पेश करते हुए कहाकि खिजा की रुत में गुलाब लहजा बनाकर रखना, कमाल यह है हवा कि जद पर दिया जलाना, जलाके रखना। श्रवण ऐबट ने सुमधुर आवाज में गीत प्रस्तुत किया। कवि गोष्ठी का संचालन लोकेश शर्मा ने किया। गोष्ठी में धीरज कुमार, अंसार मिर्जा, अजय राव, अशफाक भाई सहित शहर के कई वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## बजरंगगढ़ उप डाकघर के सुंदरीकरण का लोकार्पण



**गुना, देशबन्धु।** डाक विभाग के सुंदरीकरण की श्रृंखला में सोमवार को गुना कैंट एवं बजरंगगढ़ उप डाकघर सुंदरीकरण का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य मुख्य अतिथि थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में गुना नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार ने की।

कार्यक्रम में अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष धाकड़ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर एवं नाम पट्टिका का अनावरण कर अतिथियों द्वारा की गई। गौरतलब है कि गुना के सांसद एवं भारत सरकार के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा एवं मध्यप्रदेश के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर के मार्गदर्शन में गुना डाक संभाग में डाक विभाग द्वारा प्रोजेक्ट एरो के तहत सभी डाकघरों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। लुक एवं फील के इस सुंदरीकरण से डाकघर की जन कल्याणकारी योजना का लाभ गुना संभाग की आम जनता एवं डाकघर में आने वाले ग्राहकों को दिलाना प्रोजेक्ट का उद्देश्य है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बजरंगगढ़, देशबन्धु।** कस्बे के घोसी मोहल्ले में सोमवार से संगीतमय भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई है। कलश यात्रा में अधिक माता बहने शामिल रही। कलश यात्रा बजरंगगढ़ के शिव मंदिर बगीचे से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंची। सात दिवसीय भागवत सप्ताह में पंडित महेश शर्मा जी अपने मधुर वाणी से ज्ञान की गंगा बहा रहे हैं। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक है। कथा का समापन 28 अप्रैल को हवन, पूजन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा। कथा का आयोजन स्वामी परिवार में किया जा रहा है। स्वामी परिवार ने ग्राम वासियों से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



एरियर और बढ़े हुए वेतनमान के लिए श्रमिक संघर्ष जारी

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर श्रम आयुक्त इंदौर के नाम सीटू ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** गुना सहित प्रदेश के सभी श्रमिकों द्वारा लम्बे समय तक किए संघर्ष के बाद वेतन पुनरीक्षण का आदेश तो जारी हो गया है, इसपर अभी पूरी तरह अमल नहीं हो पा रहा है। आदेश लागू कराने की मांग को लेकर सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने सोमवार को एक बार फिर राज्यव्यापी प्रदर्शन के तहत इंदौर श्रमायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सीटू के मुताबिक न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमिकों के वेतन का पुनरीक्षण साल 2019 में किया गया था। लेकिन इसके विरोध में उद्योगपति न्यायालय की शरण में चले गए और 5 साल बाद यह आदेश लागू किया जा सका। इसके तहत 1 अप्रैल 2024 से श्रमिकों को बढ़े हुए वेतन का लाभ दिया जाना था, जिस पर अमल नहीं किया तो एक बार फिर प्रदेशभर के श्रमिक आंदोलन करने के लिए विवश हुए। लम्बे समय तक जारी संघर्ष के बाद अंततः वेतन पुनरीक्षण यानी बढ़े हुए वेतन और एरियर भुगतान करने का आदेश 28 फरवरी 2025 को किया जा चुका है, लेकिन करीब डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद गुना सहित प्रदेश के तमाम औद्योगिक संस्थानों ने इस आदेश पर अमल नहीं किया है। इसके विरोध में एक बार फिर श्रमिक आंदोलन की राह पर हैं। सोमवार को राज्यव्यापी आह्वान पर सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने एक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर गुना श्रम पदाधिकारी के माध्यम से श्रम आयुक्त इंदौर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि श्रमिकों के वेतन में इजाफा किया जाए, साथ ही एरियर की राशि का भुगतान भी जल्द से जल्द कराया जाए। ज्ञापन में गुना नगरपालिका सहित विभिन्न महकमों में आउटसोर्स पर पदस्थ कर्मचारियों की समस्याओं का उल्लेख भी किया गया है और निराकरण कराने की मांग की गई है।

## कॉलेज के छात्रों ने किया मनमानी फीस वसूली का विरोध, सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की चौबे कॉलोनी में संचालित स्वामी विवेकानंद में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन द्वारा तय फीस से अधिक राशि वसूलने और परीक्षा फॉर्म न भरवाने को लेकर विरोध जताया है। छात्रों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

छात्रों ने बताया कि उनका एडमिशन ऑनलाइन हुआ था, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन से संपर्क करने पर संचालक अजय तिवारी द्वारा फीस निर्धारित की गई थी। प्राचार्य महेन्द्र तिवारी के माध्यम से यह तय फीस 24 जून 2023 को ऑपरेटर से लिखित रूप में दिलाई गई थी।

छात्रों का आरोप है कि तय फीस से अधिक की मांग की जा रही है, जब तक यह फीस नहीं दी जाती तब तक परीक्षा फॉर्म भरने से मना किया जा रहा है। टीकमगढ़ की छात्रा शिवा यादव, जो बीएलएड सेकेंड ईयर की छात्रा हैं, उसने बताया पहले कॉलेज ने 32 हजार रुपए फीस बताई थी, बाद में बढ़ाकर 45 हजार कर दिया गया। अब कॉलेज प्रबंधन यह कहकर फॉर्म भरने से मना कर रहा है कि अंतिम तिथि निकल गई है।

बकस्वाहा बाजना निवासी फूलचंद्र अहिरवार ने बताया वर्ष 2023 में उनके सहित 10 छात्रों ने कॉलेज में एडमिशन लिया था। उस समय 30 हजार रुपए फीस तय हुई थी, लेकिन अब कॉलेज प्रबंधन मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर वसूली कर रहा है। विरोध करने पर छात्रों के साथ अभद्रता की जा रही है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की शैक्षणिक हानि न हो।

# अस्पताल में बुजुर्ग से मारपीट का आरोपी डाक्टर सेवा से बर्खास्त, सिविल सर्जन निलंबित

फालोअप

***छतरपुर, देशबन्धु।*** *जिला अस्पताल में बुजुर्ग से मारपीट कांड में एक के बाद एक कडी कार्यवाहियां की जा रही हैं। रविवार को दिन में मारपीट के आरोपी डॉ राजेश मिश्रा को कलेक्टर ने नोटिस दिया था, वहीं रात में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। इसी तरह सिविल सर्जन डॉ जीएल अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।*

*इस मामले में पहले ही रेडक्रास के कर्मचारी राघवेंद्र खरे को भी सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। राघवेन्द्र वही कर्मचारी है जो अकसर जिला अस्पताल से मरीजों को डाक्टरों के घर चल रहे उनके निजी क्लीनिकों पर भेजकर दलाली किया करता था। वहीं इस मामले में एक और नया अपडेट सामने आया कि सोमवार को आरोपी डॉ राजेश मिश्रा अपने साथ कई डाक्टरों को सिटी कोतवाली लेकर गए, वहां पीड़ित बुजुर्ग पर भी मामला दर्ज करने का आवेदन दिया है। बर्खास्त होने के बाद डॉ मिश्रा ने अपनी ओर से इस घटनाक्रम में सफाई देकर खुद को बेकसूर और असली गुनहगार बुजुर्ग को बताया है।*

*बता दें कि मारपीट कांड के आरोपी डॉ राजेश मिश्रा जिला अस्पताल में संविदा स्नातकोत्तर चिकित्सा अधिकारी अस्थीरोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ थे। बुजुर्ग के साथ मारपीट मामले में उनके आचरण को कदाचरण मानते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र के मिशन संचालक डॉ सलोनी सिडाना ने अपने हस्ताक्षर से उनकी सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। वहीं कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने डॉ मिश्रा द्वारा बुजुर्ग से मारपीट मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ जीएल अहिरवार को निलंबित कर दिया है।*

*निलंबन आदेश में कहा गया है कि डॉ अहिरवार ने अपने अधीनस्थ स्टॉफ पर नियंत्रण नहीं किया, जिसके कारण बुजुर्ग के साथ मारपीट की घटना घटित हुई है। इस बार मारपीट की घटना के बाद प्रशासन ने जिस तेजी से एक्शन लिया वह चर्चा का विषय बन गया है।*

*उल्लेखनीय है इसके पहले भी जिला अस्पताल में इसी तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें प्रशासन ने सिर्फ कार्यवाही का आश्वासन दिया। बाद में चुपचाप मामला दबा दिया गया। हालांकि ऐसे सभी मामलों में अभी तक नुकसान मरीज का ही हुआ, वही आरोपी डाक्टर या कर्मचारियों को विभागीय अधिकारियों से अभयदान मिलता रहा है। मगर ये मामला त्वरित कार्यवाही की एक वजह से अपने आप में एक नजीर बन गया है।*

### बुजुर्ग को देखकर भड़क गए थे डॉक्टर साहब

बीते गुरुवार को नौगांव निवासी 77 वर्षीय बुजुर्ग उद्धवलाल जोशी अपनी पत्नी लाली जोशी को इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और टोकन लेकर ओपीडी रुम नंबर 11 के सामने लाइन में खड़े हो गए। ड्यूटी डॉक्टर राजेश अग्रवाल देर से आए, तो उद्धवलाल लाइन से निकलकर उनके पास पहुंचे और देर से लाइन में लगे होने का हवाला देकर पत्नी को देख लेने का आग्रह किया। लाइन तोडकर आने से डॉ मिश्रा नाराज हो गए। उन्होंने उद्धवलाल से पर्चा छीनकर फाडा, फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। दोनों में बहस के बाद बुजुर्ग की पिटाई करते हुए डा मिश्रा अपने सहयोगी रेडक्रॉसकर्मी राघवेन्द्र खरे के साथ बुजुर्ग को घसीटते हुए अस्पताल के बाहर पुलिस चौकी के सामने ले जाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद बुजुर्ग दंपती रोते हुए बिना इलाज कराए वापस लौट गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हडकंप मच गया, इसके बाद प्रशासन ने तेजी से एक्शन लिया है।

# महंगे शौक के लिए लुटेरे बने 2 गिरफ्तार

## 8 लाख के मोबाइल बरामद

**भोपाल,देशबन्धु।** गोविंदपुरा थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमार गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 25 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी कुल कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी गई है। सभी मोबाइल शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी और झपटमारी की वारदातों में लूटे गए थे।पकड़े गए बदमाशों ने खुलासा किया है कि वे महंगे शौक पूरे करने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह के अन्य दो सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में गोविंदपुरा क्षेत्र समेत शहर के अन्य इलाकों में मोबाइल झपटने की घटनाएं बढ़ गई थीं। इस पर पुलिस टीम लगातार सक्रिय थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक बीएचईएल रेलवे पटरी के पास किसी वारदात की योजना बना रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों सोहेल खान पुत्र



नसीम खान उम्र 21 वर्ष निवासी दुर्गा नगर, एमपी नगर और नदीम खान पुत्र वाहिद खान उम्र 19 वर्ष निवासी काजीकैंप को मौके से हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर दोनों ने अब तक 25 मोबाइल फोन झपटने और चोरी करने की बात स्वीकार की। इन वारदातों में उपयोग की गई एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गिरोह में सिराज और आहद खान नामक दो और साथी भी शामिल हैं, जो फिलहाल फरार हैं।

### ईरानी डेरे में बिकते थे लूटे गए मोबाइल

आरोपियों ने खुलासा किया कि झपटे गए मोबाइल फोन सिराज के एक परिचित के जरिए भोपाल रेलवे स्टेशन के 6 नम्बर प्लेटफार्म क्षेत्र स्थित ईरानी डेरे के पास रहने वाले एक व्यक्ति को बेचते थे। पुलिस अब उस व्यक्ति की तलाश और आरोपियों द्वारा बताई गई जानकारी की तस्दीक कर रही है।

# दूसरे के स्थान पर एलडीसी भर्ती परीक्षा देने आया युवक धराया

## बायोमैट्रिक्स में अंगुली चिह्न मिलान नहीं होने से हुआ बेनकाब



**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के बंगरसिया स्थित केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई की ओर से एलडीसी पद पर भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। जहां एक ऐसे युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है, जो दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी सोनू यादव पटना बिहार का रहने वाला है। वह बबलेश मीणा निवासी दौसा राजस्थान के स्थान पर सीबीएसई की एलडीसी परीक्षा देने आया था। केंद्रीय विद्यालय बंगरसिया में आयोजित इस परीक्षा में प्रवेश से पहले उसकी तस्दीक की गई। बायोमैट्रिक्स में अंगुली चिह्न लगाने का कहा तो वह बहानेबाजी करने लगा। जब उसने पंच किया तो अंगुली चिह्न का मिलान नहीं हुआ। इसके बाद पूछताछ करने पर उसने स्टाफ को गुमराह करने का प्रयास किया। अधिक पूछताछ करने पर भागने का प्रयास भी किया। हालांकि उसे पकड़कर ड्यूटी में तैनात पुलिस स्टाफ के हवाले किया गया। जिसके बाद थाने लाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### असल नाम तक बताने को तैयार नहीं था

बताया गया है कि आरोपी सोनू यादव की तलाशी में उसके पास से उसकी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। तमाम प्रयासों के बाद भी उसने अपनी असल पहचान तक नहीं बताई। बाद में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। तब उसने अपना नाम सोनू यादव बताया। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। हालांकि दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के एवज में उसे कितना पैसा मिला, इस बात की जानकारी उसने नहीं दी है।

# 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल,देशबन्धु।** टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने एक पांच हजार रुपए के इनामी कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक छुरी मिली है। आरोपी अड़ीबाजी और मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि गत 2 जनवरी को कमल पिता रमेश उम्र 45 वर्ष निवासी राजीव नगर ने थाना आकर बताया कि सलमान उर्फ पत्ती, आफताब, मुईस द्वारा गाली देकर अड़ीबाजी की गई और मारपीट की गई है। जिसके बाद आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने घटना के दो दिन के भीतर आरोपी आफताब और मुईस की गिरफ्तारी कर ली थी, जबकि चार महीने से आरोपी सलमान फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर रविवार की रात को गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी में छुरी बरामद हुई। उसने पूछताछ में बताया कि क्षेत्र में उसकी रंजिश है, सुरक्षा के लिहाज से छुरी रखकर घूमता है। उधर गोविंदपुरा पुलिस ने रविवार रातमुखबिर की सूचना पर शुक्रवारा मार्केट क्षेत्र से मोहम्मद यूसुफ पिता मोहम्मद साबिर उम्र 20 वर्ष निवासी चिकलोद रोड, जहांगीराबाद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को आज अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

# अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर जिपं उपाध्यक्ष ने दी कल से भूख हड़ताल की चेतावनी

## कलेक्टर को पत्र लिखा

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल जिले केआधे से ज्यादा गांवों में नल-जल योजनाएं अधुरी हैं। इस कारण गांवों की बड़ी आबादी को गर्मी में पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसे लेकर जिला पंचायत की बैठक में मुद्दा भी उठ चुका है, लेकिन पीएचई विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे। इस कारण जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पत्र लिख दिया। उन्होंने पत्र में इस समस्या को लेकर 24 अप्रैल से जिला पंचायत दफ्तर के परिसर में भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।

जिपं उपाध्यक्ष श्री जाट ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा कि 27 मार्च को साधारण सभा की बैठक हुई थी। इसमें जल जीवन मिशन योजना के तहत विभागीय अधिकारियों को 15 दिन में अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने को कहा गया था, लेकिन 21 अप्रैल का दिन भी बीत गया। बावजूद अब तक न तो कोई रिपोर्ट दी गई और न ही गांवों में पेयजल संकट खत्म हुआ है। वर्तमान में खजूरी, गुनगा, कनेरा, शाहपुरा, देवपुरा, गोलखेड़ी, कोठार, चंदेरी, दुपड़िया, कालापीपल, बागापुरा, तारा सेवनिया, आचारपुरा, करारिया, सेमरीखुर्द, खितवास, चाचाहेड़ी, गोंदीपुरा, परवलिया, बरेलाखेड़ा, लहारपुरा समेत कई पंचायतों में लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

### सीईओ ने 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

उधर जिपं उपाध्यक्ष श्री जाट द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखते ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ईला तिवारी ने नल-जल योजनाओं के बारे में 3 दिन में रिपोर्ट मांग ली। उन्होंने जनपद पंचायत फंदा एवं बैरसिया अंतर्गत स्वीकृत, हस्तांतरित, ट्रायलरन, प्रगतिरत नल-जल योजनाओं के निरीक्षण, जांच कराने के लिए टीमें बना दी। इस टीम में पीएचई, जनपद के इंजीनियर, सचिव, रोजगार सहायक शामिल किए गए हैं, जो जिला पंचायत के सभी सदस्य को अवगत कराते हुए निरीक्षण/जांच करेंगे। संबंधित टीमें ग्राम पंचायत में मौके पर जाकर नल-जल योजना की वर्तमान स्थिति, योजना प्रारंभ है या योजना बंद पड़ी हुई है? ग्राम पंचायत में वर्तमान में पेयजल की स्थिति आदि की जानकारी, पूर्ण-अपूर्ण, ट्रायल रन, प्रगतिरत नलजल योजनाओं से संबंधित निरीक्षण और जांच प्रतिवेदन 3 दिन में मांग लिया।

# तीखी धूप से चढ़ने लगा पारा

**भोपाल, देशबन्धु।** तीखी धूप के चलते समूचा प्रदेश इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है। तीखी धूप की वजह से सड़कें दोपहर में अब सूनी होने लगी हैं। सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। वहीं टीकमगढ़ और सीधी में लू चली। गर्मी के ये तेवर आगे भी जारी रहेंगे। मौसम विज्ञानी अजय ने बताया कि एक पश्चिमी विभोक्ष बना हुआ है। राजस्थान से लेकर बांग्लादेश तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है, जो उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है। इस कारण प्रदेश में आसमान साफ है सूरज भी आग उगल रहा है। उत्तर-पश्चिम से गर्म हवा आ रही है। । सोमवार को पचमढ़ी और इंदौर को छोड़कर सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। भोपाल में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस , इंदौर में अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान22.6 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर में अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस और जबलपुर में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों ने समझे अग्नि से सुरक्षा के उपाय



**भोपाल,देशबन्धु।** जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन 21 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय (सीएमएचओ)के अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें आग से बचाव के तरीकों, इलेक्ट्रिकल फायर सेफ्टी, आकस्मिक स्थितियों में निकासी के तरीकों पर जानकारी दी गई।

दरअसल ग्रीष्मकाल में तापमान के बढ़ने तथा एयर कंडीशनर, कूलर इत्यादि उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण विद्युत प्रणाली पर अत्यधिक भार पड़ता है। इस कारण से अग्नि दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के प्रावधानों की निगरानी के संबंध में तैयारियों को लेकर अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान उच्च विद्युत भार वाले चिकित्सकीय एवं अन्य उपकरणों के रखरखाव, गहन चिकित्सा इकाई, नवजात शिशु देखभाल इकाई, ऑपरेशन थिएटर आदि ऑक्सीजन समृद्ध वातावरण में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों के पालन, फायर रिस्पांस प्लान्स की उपलब्धता, ज्वलनशील सामग्रियों का उचित संधारण एवं निपटान की परख की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अग्नि से सुरक्षा के प्रावधानों को सुनिश्चित करने के लिए सभी अस्पतालों के कर्मचारी एवं चिकित्सकों को इसकी मानक प्रक्रियाओं के संबंध में उन्मुखीकरण करवाया जा रहा है। सभी अस्पतालों को नगर निगम एवं जिले के विद्युत सुरक्षा अधिकारी से समन्वय कर अग्नि से सुरक्षा को सुनिश्चित करवाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीएमएचआरसी और आईआईएसईआर के बीच शोध सहयोग के लिए हुआ करार



**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी), भोपाल और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), भोपाल में अनुसंधान और प्रयोगात्मक कार्यक्रमों में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण करार हुआ है। सोमवार को आईआईएसईआर में बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव और आईआईएसईआर के निदेशक प्रोफेसर गोबर्धन दास ने करार पर हस्ताक्षर किए।

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि इस साझेदारी के तहत, बीएमएचआरसी और आईआईएसईआर मिलकर ऐसे शोध अवसरों की पहचान करेंगे, जिन पर साथ काम किया जा सके। इनमें एक प्रमुख विषय मानसिक बीमारियों की पहचान और इलाज की योजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग बढ़ाना होगा । इसके अलावा, मेडिकल इमेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स के साथ एआई को जोड़कर मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने के प्रयास भी शामिल होंगे।

डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों संस्थान अपने वैज्ञानिकों और फैकल्टी सदस्यों को प्रेरित करेंगे कि वे संयुक्त रूप से प्रमुख शोध क्षेत्रों में प्रपोजल तैयार करें और उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को फंडिंग के लिए भेजें। संयुक्त शोध परियोजनाओं को केवल दोनों संस्थानों की स्पष्ट स्वीकृति के बाद ही संबंधित फंडिंग एजेंसियों को भेजा जाएगा। साथ ही, प्रकाशन और पेटेंट से संबंधित फंडिंग एजेंसियों के दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा, या जरूरत पड़ने पर ऐसे मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह समझौता तकनीक और चिकित्सा के क्षेत्र में एक मजबूत साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा।

# जेपी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, काम बंद किया



### एजेंसी की शिकायत लेकर पहुंचे थाने

**भोपाल,देशबन्धु।** जेपी अस्पताल में 150 आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते 4 माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन ना मिलने से उन पर कर्जा बढ़ रहा है, जो उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने के साथ मानसिक प्रताड़ना का कारण बन रहा है। यही कारण रहा कि सोमवार को कर्मचारियों ने काम बंद कर परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान सिविल सर्जन से लेकर स्थानीय विधायक के सामने एजेंसी से वेतन दिलवाने की गुहार लगाई। जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो नाराज कर्मचारी एजेंसी की शिकायत करने हबीबगंज थाने पहुंच गए। आउटसोर्स कर्मचारी नेता कोमल सिंह ने बताया कि कर्मचारियों को पिछले 4 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। उनकी रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। इसलिए मजबूर होकर आउटसोर्स कर्मचारी सिविल सर्जन से गुहार लगाने पहुंचे थे, लेकिन सिविल सर्जन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने एकत्रित होकर हबीबगंज थाने में संबंधित एजेंसी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। श्री सिंह ने कहा कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा तब तक कर्मचारी काम बंद कर धरने पर बैठे रहेंगे। साथ ही शोषण प्रथा की नीति के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# कुक्कुट विकास निगम के कर्मचारियों की हड़ताल जारी



**भोपाल,देशबन्धु।** यह प्रदेश का अजूबा मामला है जब संचालक मंडल से प्रस्ताव पारितं होकर विभागीय मंत्री और प्रमुख सचिव तक आदेशित कर चुके हों, फिर भी आदेश का पालन होने के बजाय फाइल को सालभर से मार्गदर्शन की आड़ में वल्लभ भवन और मंत्री कार्यालय के बीच घुमाया जा रहा है। यह मामला है कुक्कुट एवं पशुधन विकास निगम का, जिसके संविदा कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 के अनुसार वेतन भुगतान करने के बजाय प्रबंधन फाइल को बार-बार मार्गदर्शन के लिए मंत्री कार्यालय या वल्लभभवन भेजकर लटकाए हुए है। इसके विरोध में निगम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल 20 वें दिन भी जारी रही। संविदा कर्मियों ने कहा कि सरकार भले ही उनके परिवारों को पालने के लिए दाना पानी की व्यवस्था नही कर रही है, लेकिन पक्षियों के लिए पेड़ो पर सकोरे बांधकर दाना पानी की व्यवस्था कर सकारात्मक आंदोलन किया। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जूलाई 2023 की संविदा नीति के तहत वेतन भत्ते देने का अनुमोदन संचालक मंडल की बैठक में होने के बाद भी फाइल बार बार छोटी-छोटी सी बात के औचित्यहीन मार्गदर्शन के लिए वल्लभ भवन भेजी जा रही।

# प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण करें : नागर

## बैरसिया की प्राचीन बावड़ी में किया श्रमदान

**भोपाल,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। हम सभी को आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए अपने अपने क्षेत्र में प्राचीन कुए, बावड़ी, तालाबों का संरक्षण करना आवश्यक है। जल संरचनाओं के संरक्षण के अभियान को हमें समाज की सहभागिता से जन अभियान बनाना है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर द्वारा बैरसिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत बैरसिया नगर के प्राचीन श्री ठड़ेश्वरी महाराज मंदिर के पास स्थित लगभग 300 वर्ष पुरानी छतरी मंदिर बावड़ी पर श्रमदान उपरांत आयोजित जल चौपाल में व्यक्त किये। श्री नागर द्वारा जन अभियान परिषद के पदाधिकारीयों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रमदान कर नगर की प्राचीन बावड़ी की सफाई की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, अमिताभ श्रीवास्तव, जिला समन्वयक श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी, विकासखंड समन्वयक मुकेश गौर, नंदकिशोर मालवीय, सुश्री टीना शर्मा, संजय कुशवाहा पार्षद, राधेश्याम कुशवाह पार्षद, वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे, परिषद से जुड़ी नवाकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता, एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग श्रेणी के नव नियुक्त ग्राम पंचायत सचिवों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**भोपाल,देशबन्धु।** सहायक सह आयुक्त पंचायत राज संचालनालय के आदेशानुसार भोपाल जिले में दिव्यांगजनों के ग्राम पंचायत सचिव के पदों की वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से कराए जाने के निर्देश के परिपालन में मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा की शर्तें) नियम के प्रदत्तक शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी द्वारा 3 नव नियुक्त सचिवों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को श्रवणबाधित दिव्यांगजन श्रेणी में अनुज जैन पिता किशोर कुमार जैन, निवासी-मंगलवारा को भोपाल जिले की ग्राम पचांयत इमलिया, जनपद पंचायत फंदा में रिक्त पंचायत सचिव के पद पर 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ अस्थाई रूप से नियुक्त किया गया। इसी प्रकार दृष्टिबाधित दिव्यांगजन श्रेणी में कमल भमोरे पिता फूलचंद्र भमोरे निवासी-ब्लॉक नं.97, सेक्टर 3, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, फैस-2, त्रिलंगा भोपाल को ग्राम पंचयत बोरदा, जनपद पंचायत फंदा में रिक्त पंचायत एवं लोको मोटर दिव्यांगजन श्रेणी में शैलेष कुमार पाण्डेय पिता भगवानदीन शर्मा, निवासी- म.नं. 3, इरिग्रेशन कॉलोनी, राजीव नगर, अयोध्या वायपास भोपाल को रिक्त पंचायत सचिव के पद पर 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ अस्थाई रूप से नियुक्त किया गया। रूप से नव नियुक्त पंचायत सचिवों को 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि एवं नियुक्ति शर्तों के पूर्ण होने पर नियमित वेतनमान 5200-20200+1900 ग्रेड पे की पात्रता होगी।

# ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश




**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा में प्राप्त विभागीय पत्रों तथा शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के सभी शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी कार्यवाही 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले सेल्समैन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले के समस्त हितग्राहियों से अपील की कि वे 30 अप्रैल से पूर्व अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण कराएं, जिससे उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन का लाभ बिना बाधा मिलता रहे। नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समग्र ई-केवाईसी के कार्य में तेजी लाई जाए तथा निकायवार विशेष शिविर आयोजित कर शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी, एडीएम भूपेन्द्र गोयल, प्रकाश नायक, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भोपाल, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार की जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं।' राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।'

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं।

वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरज़ीह देता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की बातें एक बार फिर से विश्वपटल पर प्रमुखता से लोगों के सामने आयेगी।

अनुमानों के मुताबिक भाजपा ने राहुल के इस बयान को 'संवैधानिक संस्थाओं का अपमान' बताया तथा राहुल पर 'देश को बदनाम करने की सुपारी' लेने का आरोप लगा दिया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, 'राहुल गांधी विदेश जाकर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। यह दिखाता है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए भारत के विरोध पर उतर गये हैं- वह भी विदेशी धरती पर।' पूनावाला के अनुसार 'पूरी दुनिया भारत के चुनाव आयोग और निर्वाचन प्रणाली की प्रशंसा कर रही है पर भारत के खिलाफ और देश की बदनामी की सुपारी लेने का काम राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम कर रहा है।' इसी तरह संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही ईडी की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब जेल जा सकते हैं। वहीं देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल गांधी के चरित्र पर ही सवाल उठाए और उन्हें नसीहत दी कि चुनाव नतीजों पर सवाल उठाने की जगह वे जनता का दिल जीतने के बारे में सोचें। भाजपा की ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर जो सवाल उठा रहे हैं, उनसे सबसे ज्यादा तकलीफ भाजपा को हो रही है। याद हो कि उनके पिछले विदेशी दौरों में दिये उनके व्याख्यानों को लेकर उन्हें भाजपा समर्थकों ने 'देशद्रोही' तक कहा था।

बहरहाल, राहुल की अमेरिका यात्रा में आगे क्या होता है, ये देखना होगा। उनका एक व्याख्यान ब्राउन विश्वविद्यालय में होगा, साथ ही वे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिसमें भाजपा अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। वैसे राहुल गांधी के दौरे की कमान एक बार फिर से इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के हाथों में है जो साबित करता है कि दोनों के बीच मतभेदों की जो बात बीच-बीच में उठाई जाती रही है, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। पित्रोदा ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है! आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें!''

# अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर ''देश में हो रहे सभी गृह युद्धों'' की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंख्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वांछ्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।

याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है।

इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की ''हिंदी थोपे जाने'' की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फार्मूले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में ''हिंदी'' अनिवार्य की जा रही है। हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं।

यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले, भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित ''अतिक्रमणों'' से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी 'सर्वोच्चता' का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को ''पूर्ण न्याय'' करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ''जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलब्ध है'' ही करार दे दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से ''पूर्ण न्याय'' करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।



राजेंद्र शर्मा

> दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।

फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है। इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि। इसके बावजूद, इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे की असली नीयत तब खुलकर सामने आ गयी जब रातों-रात संघ-भाजपा के युवा संगठनों ने विभिन्न राज्यों को ऐसे पोस्टरों से पाट दिया, जो वक्फ संशोधन विधेयकों का विरोध करने वाली राजनीतिक पार्टियों को, हिंदू-विरोधी घोषित करते थे। यह इसका खुला ऐलान था कि यह कानून, सबसे बढ़कर हिंदू सांप्रदायिकता के आग्रहों से ही संचालित है।

एक प्रकार से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस वक्फ अधिनियम के खिलाफ चुनौतियों की सुनवाई पर अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में बिना कहे इस सच्चाई को स्वीकार भी किया है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिनियम के कम से कम तीन पहलुओं पर फौरी तौर पर रोक लगाने की जो मंशा जतायी थी, उसके बाद मोदी सरकार ने अपनी ओर से ही संबंधित पहलुओं का परिचालन अगले अदालती आदेश तक रोके रखने का आश्वासन दे दिया। अदालत ने इस आश्वासन को आधिकारिक रूप से दर्ज कर लिया और इस तरह वक्फ़ अधिनियम के अमल को ही अदालत द्वारा रोके जाने की शर्मिंदगी से तो सरकार बच गयी, लेकिन इन कदमों को अपनी ओर से ही रोके रखने का वादा करने के बाद ही।

इस तरह जिन दो सबसे समस्यापूर्ण पहलुओं का अमल रोक दिया गया, उनमें एक तो वक्फ़ बोर्ड तथा वक्फ़ काउंसिल का राज्यों के स्तर तक पुनर्गठन ही है। इस सिलसिले में विवाद तथा अदालती चुनौती के केंद्र में अधिनियम का यह प्रावधान है कि अब तक के कायदे के विपरीत, उक्त निकायों में गैर-मुसलमानों को भी रखा जा सकता है। शिकायत यह है कि नये प्रावधानों के तहत बोर्ड और काउंसिल में गैर-मुस्लिमों का बहुमत तक हो सकता है। इस संदर्भ में इस कानून का विरोध करने वालों का तर्क यह है कि यह तो अपनी धार्मिक संस्थाओं का स्वार्या रूप से संचालन करने की, देश के संविधान में सभी समुदायों को दी गयी स्वतंत्रता का ही उल्लंघन है। इसके अलावा इस प्रबल तर्क का भी सरकार के पास कोई जवाब नहीं था कि क्या वह अन्य धर्मों पर व संप्रदायों की संस्थाओं में भी इसी प्रकार, अन्य धर्मावलंबियों को जगह देने जा रही है?

फिलहाल स्थगित कर दिया गया दूसरा ऐसा ही समस्यापूर्ण पहलू ''वक्फ़ बाई यूज'' यानी वक्फ़ के रूप में उपयोग होते आने से किसी संपत्ति की वक्फ़ के रूप में मान्यता का है। नया कानून वक्फ़ बाई यूज को अमान्य करता है और इस प्रकार सैकड़ों साल पुरानी अनेक मस्जिदों, कब्रिस्तानों, खानकाहों आदि पर संपत्ति विवादों का रास्ता खोलता है। मुद्दा यह है कि वर्तमान संपत्ति रजिस्ट्रेशन कानूनों के अमल में आने से पहले से वक्फ़ के रूप में चली आ रही संपत्तियों के मामले में, रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात कहां से आएंगे और किस के पास मिलेंगे? इस तरह नये कानून के बनते ही, अनेक पुरानी संपत्तियों पर विवाद खड़े हो जाने का रास्ता रोक दिया गया है।

बेशक, नये कानून को चुनौती दिए जाने के प्रमुख मुद्दे और भी हैं, जिन पर फिलहाल पाबंदी लगाना जरूरी नहीं समझा गया है। इनमें बुनियादी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला यह प्रावधान भी शामिल है कि वक्फ़ करने के लिए, संबंधित शख़्श का पांच साल से धर्मपालक मुसलमान रहा होना जरूरी है। इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा नये कानून में जिलाधीश को वक्फ़ संपत्तियों के दर्जे के संबंध में निर्णय के तमाम अधिकार सौंपे जाने से लेकर, किसी संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा किए जाने की सूरत में, जिलाधीश द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक, उसका वक्फ़ संपत्ति का दर्जा ही स्थगित हो जाने तक जाता है। बहरहाल, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अपने हस्तक्षेप से नये कानून के सबसे आपत्तिजनक तथा समस्यापूर्ण प्रावधानों का अमल स्थगित करा दिया है और अदालत ने एक हद तक अपने सोच की दिशा का भी इशारा कर दिया है। यही सुप्रीम कोर्ट पर संघ-भाजपा के इस बौखलाहट भरे हमले का मुख्य कारण है।

बेशक, भाजपा के अध्यक्ष पद पर अब चंद दिन के मेहमान, जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा आदि भाजपा सांसदों द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर लगाए गए आरोपों से भाजपा को अलगाने की कोशिश में, न सिर्फ उनके बयानों को उनके निजी बयान बताया है बल्कि एक कदम आगे जाकर कहा है कि उन्हें आइंदा ऐसा न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन, संघ-भाजपा की एक साथ कई-कई मुंह से अलग-अलग बातें कहने की कार्यनीति से परिचित लोग, भाजपा के इस खंडन को गंभीरता से लेने केलिए तैयार नहीं हैं। और संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने वक्फ़ प्रसंग को ही लेकर जिस तरह, सुप्रीम कोर्ट को कथित मुस्लिम-पक्षधरता के लिए गरियाना जारी रखा है और उसे ''सुप्रीम कोर्ट'' से लेकर ''शरिया अदालत'' तक कहना जारी रखा है, उससे भाजपा के इन रस्मी खंडनों के प्रति लोगों के अविश्वास को ही बल मिलता है।

सच्चाई यह है कि अब जबकि संजीव खन्ना की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट ने सत्तारूढ़ संघ-भाजपा के मंसूबों से कुछ स्वायत्तता का प्रदर्शन करना शुरू किया है और जल्द ही देश को एक नया मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहा है, जिसका रिकार्ड भी कार्यपालिका की मर्जी के आगे बहुत ज्यादा झुकने का नहीं रहा है, अपने फासीवादी मिजाज के अनुरूप वर्तमान सत्ताधारियों के इशारे पर, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हमला बोल दिया गया है। यह संवैधानिक संस्थाओं को धौंस में लेने की जानी-पहचानी फासीवादी कार्यनीति की ही आजमाइश है। यह दूसरी बात है कि ऐसी कार्यनीति की जरूरत अपने आप में, सत्ताधारियों के लिए गहराते संकट का ही संकेत करती है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश

■ के रवींद्रन

विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश ने विरोधी खेमों के बीच एक असामान्य संतुलन पैदा कर दिया है, जो निर्णायक हस्तक्षेप के बजाय एक सुनियोजित संतुलनकारी कार्य का संकेत देता है। हालांकि यह आदेश संशोधनों के कार्यान्वयन पर पूर्ण रोक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, लेकिन यह न्यायिक संयम की एक परत पेश करता है जो आश्वस्त और अस्थिर दोनों है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति किस पक्ष में है। यह कानूनी युद्ध के मैदान को खुला छोड़ देता है, लेकिन संकेत- हालांकि कमजोर- सरकार की स्थिति के अंतिम समेकन की ओर इशारा करते हैं।

सरकार को यथास्थिति बनाये रखते हुए अधिक मजबूत तर्क प्रस्तुत करने का समय देकर, न्यायालय ने अधिक गहन जांच के लिए मंच तैयार किया है जो अंततः विचाराधीन संशोधनों को वैध बना सकता है। सरकार के दृष्टिकोण से, यह अंतरिम व्यवस्था न केवल स्वीकार्य है- परन्तु उसके लिए लाभप्रद भी है। यह मौजूदा कानूनी ढांचे में ठोस खामियों को प्रदर्शित करके बहस को सैद्धांतिक से अनुभवजन्य में बदलने की अनुमति देता है।

पूरे गांवों को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किये जाने की रिपोर्ट, अक्सर निवासियों की जानकारी या सहमति के बिना, निराशा की एक लहर पैदा करती है जिसे सरकार न्यायालय के समक्ष बढ़ाना चाहती है। इस मुद्दे को सामूहिक वंचितता और प्रणालीगत अस्पष्टता के रूप में प्रस्तुत करके, सरकार न केवल प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि सामाजिक न्याय की कहानी गढ़ रही है। फिर महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कहानी एक ऐसी अदालत के साथ प्रतिध्वनित होने की संभावना है जिसने पिछले फैसलों में कानून की सिद्धांतवादी व्याख्याओं पर संतुलन और व्यावहारिकता की ओर झुकाव दिखाया है।

समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न्यायालय ने संशोधित कानून के संचालन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यथास्थिति में इस तरह से बदलाव न करने की चेतावनी दी, जिससे किसी भी पक्ष के अधिकारों को नुकसान पहुंचे। यह दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। ये कानूनी चुनौती को निरर्थक बना सकते हैं। लेकिन सरकार के लिए, यह अभी भी अपना मामला बनाने, डेटा एकत्र करने और पिछली व्यवस्था के तहत लंबे समय से चले आ रहे अन्याय के लिए आवश्यक सुधार के रूप में संशोधन को तैयार करने का रास्ता खुला छोड़ता है। न्यायालय के निर्देश के शब्द ही कठोर अंतरिम कदम उठाने की अनिच्छा को दर्शाते हैं, जो अंतिम फैसले के समय उसके हाथ बांध सकते हैं।

इस स्थिति से जो उभरता है, वह एक तरह की न्यायिक हेजिंग है- चुनौती देने वालों को उम्मीद देने के लिए पर्याप्त अस्पष्टता, लेकिन सरकार के लिए पैंतरेबाज़ी करने के लिए पर्याप्त जगह। चुनौती देने वालों को निश्चित रूप से न्यायालय द्वारा की गयी कुछ टिप्पणियों से सांत्वना मिली है, जो संशोधनों से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए कुछ हद तक सहानुभूति का संकेत देती हैं। लेकिन यह सांत्वना अंततः वास्तविक से ज़्यादा बयानबाज़ी साबित हो सकती है। न्यायालय का इतिहास बताता है कि जब तक विचाराधीन कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक या घोर अन्यायपूर्ण न हो, तब तक यह विधायी और कार्यकारी शाखाओं के अधीन रहता है, खासकर जब व्यापक शासन संबंधी मुद्दे शामिल हों।

क्रिश्चियन एलायंस और एसोसिएशन ऑफ़ सोशल एक्शन जैसे नये हस्तक्षेपकर्ताओं के साथ सरकार का रणनीतिक गठबंधन इसके हाथ को और मज़बूत करता है। इन समूहों का तर्क है कि पिछले कानून को धार्मिक या संस्थागत दावों के तहत व्यक्तियों- अक्सर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से- को उनके वैध संपत्ति अधिकारों से वंचित करने के लिए हथियार बनाया गया था। ऐसी आवाज़ों को एकजुट करके, सरकार कानून को बहुसंख्यकवादी थोपे जाने के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी सुधार के रूप में फिर से परिभाषित कर रही है। यह पुनर्स्थापन महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे को एक संकीर्ण प्रशासनिक बदलाव से संपत्ति के अधिकारों को बहाल करने और ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने के लिए एक नैतिक धर्मयुद्ध में बदल देता है। न्यायपालिका, जब इस तरह के नैतिक ढांचे का सामना करती है- खासकर अगर वास्तविक जीवन की गवाही और आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है - अक्सर विधायी इरादे को बनाये रखने की ओर झुक जाती है जब तक कि एक मजबूत संवैधानिक उल्लंघन साबित न हो जाये।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है। इसके विपरीत, सरकार मौजूदा प्रणाली की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले से ही मूर्त और प्रदर्शन योग्य हैं। साक्ष्य की गुणवत्ता और प्रकृति में यह विषमता अंतिम निर्णय में भारी पड़ सकती है।

> नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है।

इसके अलावा, अदालत की अंतरिम टिप्पणियों की भाषा संभावित जटिलताओं के बारे में गहरी जागरूकता का सुझाव देती है जो विधायी प्रक्रिया में समय से पहले हस्तक्षेप करने से उत्पन्न हो सकती हैं। इस बात पर जोर देकर कि मामले के लंबित रहने के दौरान कोई नयी जटिलताएं पेश नहीं की जानी चाहिए, अदालत समय खरीदती हुई प्रतीत होती है - न कि समय पर निर्णय लेने के लिए कानून के बारे में बात करना और बिना व्यवधान पैदा किए निष्पक्ष सुनवाई करना। यह सतर्क दृष्टिकोण, तटस्थ प्रतीत होते हुए भी, अक्सर यथास्थिति या इस मामले में, नये पेश किये गये परिवर्तनों के पक्ष में काम करता है। एक बार जब कोई कानून व्यवस्था में स्थापित हो जाता है - यहां तक कि एक अंतिम क्षमता में भी- तो इसे उलटना संस्थागत रूप से अधिक कठिन हो जाता है जब तक कि ऐसा करने के लिए कोई भारी कारण न हो।

इसके अतिरिक्त, संशोधनों का समर्थन करने वाली आवाज़ों की बढ़ती संख्या से न्यायालय के प्रभावित होने की संभावना है, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों और सामाजिक वकालत समूहों से। ये हितधारक अपने साथ एक हद तक नैतिक और सामाजिक-राजनीतिक वैधता लाते हैं जिसे नज़रंदाज़ करना मुश्किल है। कानूनों के पिछले शासन के तहत बहिष्कार और बेदखली के उनके आख्यान एक भावनात्मक और मानवीय आयाम पेश करते हैं जो अन्यथा एक अमूर्त कानूनी प्रतियोगिता हो सकती है। यदि चुनौती देने वाले तुलनात्मक रूप से सम्मोहक प्रति-कथा प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं - जो कानूनी तकनीकों से परे हो और न्याय को एक आंतरिक तरीके से संबोधित करे-तो पेंडुलम सरकार के पक्ष में झूलता रहेगा।

## आपके पत्र

### रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा। निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं। भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है

भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजनाकारों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा, परंपरागत स्त्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध नहीं, शांति चाहिए

*'युद्ध की क्या कीमत चुकाना पड़ती है, इस बारे में बात करने से हम कतरा रहे हैं। भारत उपमहाद्वीप में स्थायी शांति कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर बात करने में हमारी कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में अपनी शक्ति जाया कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट की घटनाओं का हर तरह से राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसा न होने दिया जाए। इस बीच अधिकतर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा से इस पूरे घटनाचक्र पर टिप्पणियाँ कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा गरज रहे हैं। उन्होंने अभिनंदन की रिहाई की घोषणा के तुरंत बाद जो टीका की वह वांछित नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तो पायलट प्रोजेक्ट है, असली खेल तो इसके बाद होगा।'*

**( देशबन्धु में 07 मार्च 2019 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/03/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### राग गौड़ी सलोक महला 9

साधो मन का मान तिआगो-
काम क्रोध संगत दुरजन की।
तांते अहि निस भागे (रहाओ)
सुख दुख दोनों समकर जाने-और मान अपमाना
हरख सोगते रहे अतीता- तिनि जगि तत पछाना
उसतति निंदा दोऊ तिआगे-खोजे पद निरबाना
जन नानक ऐह खेल कठिन है-किनहु विरले जाना।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा नौवें नानक गुरु तेग बहादुरजी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि हर इंसान का जीवन व्यतीत करना पड़ता है इसलिए हमें इन पंक्तियों द्वारा समझाया गया है कि इंसान को हमेशा घमंड से दूर रहना चाहिए। मैं-मेरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए कहा भी गया है कि

जब लग मेरी मेरी करे- तब लग काज एक नहीं सरे।

हर इंसान के आध्यात्मिक क्षेत्र में कई रोड़े हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, तृष्णा से बचकर रहना चाहिए। इन पर विजय तो नहीं पाई जा सकती पर इनको वश में रखना जरूरी है। लोभ भी जरूरत के मुताबिक थोड़ा बहुत ठीक है। नेक कमाई कर अपने परिवार का उदरपोषण करना है और इस नेक कमाई का दसबंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में खर्च करना है। काम भी गृहस्थ में रहकर किसी हद तक संतानोत्पत्ति के लिए आवश्यक है। क्रोध भी जीवन में आवश्यक है। सांप अगर फूंफकार भी न मारे तो इंसान उसे अकारण ही पत्थर मार-मारकर घायल कर देगा। मोह भी जरूरी है पर धृतराष्ट्र जैसा अंधा मोह भी नहीं होना चाहिए नहीं तो महाभारत जैसी स्थिति हो सकती है। अहंकार भी बुराइयों की जड़ है।

हमें प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी क्योंकि प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास ने बेगमपुर कहा है जहां पर किसी किस्म की गम या चिंता नहीं है-

हलति सुख पलति सुख
सुख सदा सिमपनो नाम हरि का सदा लीजै।।

इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह माया त्याग कर प्रभु सिमरन भक्ति का मार्ग अपना ले। प्रभु सिमरन करते-करते वह फिर प्रभु परमात्मा जो कि हरेक के हृदय में विराजमान है, के दर्शन प्राप्त कर पाएगा। हमें प्रभु परमात्मा को पाने के लिए कहीं वन कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ जीवन में रहकर भी परिवार का उदर पोषण करते हुए मन से निरंकार को सिमरन करते रहें। बस हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथकर उसकी प्राप्ति करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारी वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही उसकी प्राप्ति हो पाती है। हमें भी अपने मन रूपी मथनी से सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेनी है।

सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## सार–समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान में किए जा रहे जल स्त्रोतों के संरक्षण के कार्य

**रायसेन, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य में प्राथमिकता में किये जा रहे है। जनसामान्य को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर जल संरचनाओं के संरक्षण किये जाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जल के महत्व, जलवायु परिवर्तन के दुषप्रभाव और पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी प्रकार स्कूलों में भी जल संरक्षण विषय पर चित्रकलां, निबंध लेखन आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### बेटियों को छोड़कर महिला अपने भतीजे के साथ भागी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनगांय की एक महिला के सिर पर प्रेम का भूत ऐसे सवार हुआ कि वह अपनी तीन बेटियों को बेसहारा छोड़कर अपने भतीजे के साथ भाग गई है। साथ में 50 हजार रुपए नगद और 2 लाख के जेवर भी ले गई है। महिला के पति मनीष अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी राजकुमारी अपने भतीजे के साथ सुबह 5 बजे के घर से रुपए और जेवर समेटकर भाग गई। सभी जगह तलाश की, लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने बताया पति की शिकायत दर्ज करके महिला की तलाश शुरु कर दी गई है।

### पकड़े गए तस्करों से 20 पेटी शराब व टैक्सी जप्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा पुलिस ने एक टैक्सी से शराब तस्करी कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 20 पेटी, लगभग 180 लीटर शराब और तस्करी में प्रयुक्त टैक्सी जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला ने बताया पुलिस को कॉम्बिंग गश्त के दौरान सागर–कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब तस्करी की सूचना मिली थी। बमनी तिराहा बड़ामलहरा में टैक्सी रोककर तलाशी लेने पर शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेंद्र पाल निवासी ग्राम चुरारा थाना बमीठा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी क्रम में मंडी वाले तिराहे पर आरोपी दिलीप यादव निवासी ग्राम कनेरा से भी एक पेटी (9 लीटर) अवैध शराब जब्त कर कार्यवाही की गई।

### घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में लगाई आग

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के परवारी मोहल्ले में दबंगई की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां मोहल्ले के दबंग भारत सिंह परिहार ने घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में पेट्रोल से आग लगा दी। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बताया गया है कि आरोपी मोहल्ले में घर के बाहर मोटर साइकिल खड़ी होने से नाराज था, इस कारण उसने पेट्रोल की सटक खोलकर तेल गिराया और बाइक में आग लगा दी। बाइक धू–धू कर जलने लगी, जिसे मोहल्ले के लोगों ने तत्परता से पानी डालकर बुझाया।

### किसानों को नरवाई के उचित प्रबंध की जानकारी देने के निर्देश

# समझाईश के बाद भी नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध करें कार्रवाई: कलेक्टर



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा उनके निराकरण की विभागवार समीक्षा की। रायसेन जिले ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में पुनः पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए कलेक्टर विश्वकर्मा ने सभी अधिकारियों की मेहनत और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां रूकना नहीं है। सभी अधिकारी और अधिक मेहनत करें तथा जो सीएम हेल्पलाईन शिकायतें शेष हैं और जो प्राप्त हो रही हैं, उनका समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं। उन्होंने सी तथा बी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को समयावधि में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए आयोजित की जा रहीं जागरूकता गतिविधियों तथा नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए एसडीएम, कृषि और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई नहीं जलाने की समझाईश देने के साथ ही नरवाई के उचित प्रबंधन हेतु विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाए। बड़े रकबे वाले किसानों को भी नरवाई नहीं जलाने की समझाईश दी जाए। इसके बाद भी नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार एफआईआर तथा जुर्माने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने ई–केवायसी कार्य की तहसील और जनपदवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि यह कार्य समयावधि में पूर्ण किया जाना है। सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मॉनीटरिंग करें और प्रतिदिन की कार्यप्रगति से अवगत कराएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करें। साथ ही अभियान के तहत जो नवीन कार्य प्रारंभ किए जाने हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों की सुविधा हेतु प्याऊ लगाने की जानकारी लेते हुए कहा कि प्याऊ में शुरू और शीतल पानी उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईकोर्ट में जबावदावा लगाने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लें और समय से हाईकोर्ट में जबावदावा लगवाएं।

# केन्द्रीय विद्यालय की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**सिलवानी, देशबन्धु।** तहसील अधिवक्ता संघ ने नगर में केन्द्रीय विद्यालय की शीघ्र स्थापना की मांग को लेकर सोमवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की घोषणा पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज द्वारा लगभग 6–7 वर्ष पूर्व की गई थी, जिसे स्वीकृति भी मिल चुकी थी। किंतु राजनीतिक अड़चनों के चलते आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इसके चलते क्षेत्र के हजारों छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज द्वारा की गई घोषणा को शीघ्र क्रियान्वित किया जाए तथा नगर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मूर्त रूप दिया जाए। इस संबंध में तहसील अधिवक्ता संघ सिलवानी द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने आशा व्यक्त की है कि केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान इस जनहित के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लेकर छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु सार्थक कदम उठाएंगे।

# कॉलेज के छात्रों ने किया मनमानी फीस वसूली का विरोध, सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की चौबे कॉलोनी में संचालित स्वामी विवेकानंद में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन द्वारा तय फीस से अधिक राशि वसूलने और परीक्षा फॉर्म न भरवाने को लेकर विरोध जताया है। छात्रों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

छात्रों ने बताया कि उनका एडमिशन ऑनलाइन हुआ था, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन से संपर्क करने पर संचालक अजय तिवारी द्वारा फीस निर्धारित की गई थी। प्राचार्य महेन्द्र तिवारी के माध्यम से यह तय फीस 24 जून 2023 को ऑपरेटर से लिखित रूप में दिलाई गई थी। छात्रों का आरोप है कि तय फीस से अधिक की मांग की जा रही है, जब तक यह फीस नहीं दी जाती तब तक परीक्षा फॉर्म भरने से मना किया जा रहा है। टीकमगढ़ की छात्रा शिवा यादव, जो बीएलएड सेकेंड ईयर की छात्रा हैं, उसने बताया पहले कॉलेज ने 32 हजार रुपए फीस बताई थी, बाद में बढ़ाकर 45 हजार कर दिया गया। अब कॉलेज प्रबंधन यह कहकर फॉर्म भरने से मना कर रहा है कि अंतिम तिथि निकल गई है।

बकस्वाहा बाजना निवासी फूलचंद्र अहिरवार ने बताया वर्ष 2023 में उनके सहित 10 छात्रों ने कॉलेज में एडमिशन लिया था। उस समय 30 हजार रुपए फीस तय हुई थी, लेकिन अब कॉलेज प्रबंधन मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर वसूली कर रहा है। विरोध करने पर छात्रों के साथ अभद्रता की जा रही है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की शैक्षणिक हानि न हो।

### झोपड़ी में आग

**छतरपुर, देशबन्धु।** ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गहरवार में खेत पर बनी झोपड़ी में आग लग जाने से गृहस्थी का सामान तथा शादी के लिए रखी नगदी जलकर खाक हो गई है। गहरवार निवासी फूला पत्नी गंगादीन अहिरवार ने बताया आगजनी की घटना तब हुई जब परिवार के लोग शादी के सिलसिले में ईशानगर गए थे। घर पर मौजूद बेटी मोहिनी ने फोन पर आग लगने की सूचना दी। जब परिवार मौके पर पहुंचा तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग में लगभग 10 क्विंटल गेहूं, 50–50 किलो चना, मटर और मसूर, 1 क्विंटल महुआ, करीब 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, बर्तन सहित अन्य जरूरी सामान नष्ट हो गया है। फूला के मुताबिक, उक्त पैसे उसने अपनी बेटी की शादी के लिए जोड़कर रखे थे।

### खेत में नरवाई जलाने पर किसान पर मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाकर उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के उल्लंघन में हल्का पटवारी सत्यपाल रजक द्वारा थाना बक्सवाहा में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया गया कि 18 अप्रैल को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषक दरवारी लोधी पिता कन्नू लोधी निवासी बक्सवाहा अपने खेत में में 0.799 हेक्टयर के अंश पर नरवाई में आग लगी पाई गई। जिसका मौके का पंचनामा भी तैयार किया गया है।

### सीएम राईज स्कूल में छात्राओं से किया जनसंवाद

# सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरते: थाना प्रभारी



सिलवानी। छात्राएं फेसबुक, वाटसाप, इमेल आईडी के नंबर किसी को भी शेयर न करें, अनजान व्यक्ति से चेटिंग ना करें, अपने नाम और ईमेल आईडी को छुपा के रखें। स्कूल आते या जाते समय यदि कोई भी व्यक्ती छात्राओं को परेशान करता है तो संबंधित व्यक्ति के बारे में पुलिस को बताएं। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। आपकी गोपनीयता छिपाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। ये बातें थाना प्रभारी पूनम सविता ने कहीं। उन्होंने सोमवार को सीएम राईज शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में छात्राओं से जनसंवाद किया और कहा कि कर छात्राएं जागरूक व सजग रहे। थाना प्रभारी ने पुलिस के टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छात्राओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस पूरी तरह गंभीर है। किसी भी महिला की सुरक्षा के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने छात्राओं को पुलिस के टोल फ्री नंबरों के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि छात्राएं सोशल मीडिया का कम उपयोग करें जिन एप्स के बारे में आपको जानकारी ना हो वह ऐप्स डाउनलोड ना करें। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से होने वाले सायबर अपराध को कैसे समझें अगर कोई आपके साथ गलत व्यवहार करता है तो सतर्क रहे। ऐसी घटनाओं को कभी इग्नोर न करें। अपने परिजनों और सहपाठियों को जरूर बताएं क्योंकि आप विरोध नहीं करेंगे तो उसके बर्ताव में सुधार नहीं होगा। अपने ऊपर हो रहे गलत कार्य को आप अपनी महिला टीचर से भी शेयर कर सकते है। कायक्रम में मुख्य रूप से सीएम राईज स्कूल के प्रचार्य एनपी शिल्पी, नरेश रघुवंशी, अजय चौरसिया, स्वतंत्र नेमा, प्रियंका गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कचरा फेंकने पर विवाद में चली लाठी-कुल्हाड़ी, 9 लोग घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के थाना बड़ामलहरा के अंतर्गत ग्राम संधपा में रविवार देर रात कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रुप ले लिया। एक परिवार के 12 लोगों ने दूसरे परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे 9 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। बताया गया है जम्मू में मजदूरी करने वाले बाबूलाल अहिरवार 20 अप्रैल को अपनी बेटी की शादी के लिए गांव आया था। उसी शाम उन्होंने पड़ोसी जुगल को घर के पास कचरा फेंकने से मना किया, इसी बात को लेकर विवाद शुरु हो गया। दरअसल 8न दोनों परिवारों के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था, जो कचरा फेंकने को लेकर और बढ़ गया।

बाबूलाल ने बताया देर रात जुगल, संतोष, चंपा, बबलेश, रामकृपाल और कुछ नकाबपोश समेत 12 लोगों ने उसके घर आकर परिवार पर लाठी और कुल्हाड़ी जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में हिमानी अहिरवार, बेनीबाई, गोकुल, सेमबाई, हल्के, अमर, मोहन और ललिता अहिरवार सहित 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने बताया घटना के तुरंत बाद वे बडामलहरा थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया। इसके बाद सोमवार को दोपहर पीड़ित पक्ष ने एसपी कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई है।

### विश्वविद्यालय में दी गई आईपीआर की ट्रेनिंग

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस मिशन स्केलिंग स्टूडेंट एंड फैकल्टी ऑन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड इनोवेशन के अंतर्गत शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को आईपीआर की ट्रेनिंग दी गई। यूजीसी प्रभारी प्रो पीके जैन द्वारा विकसित भारत 2047 की शपथ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें बौद्धिक संपदा जैसे कि डीसाइन कॉपीराइट, ट्रेडमार्क संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्याम कापडे सहित डॉ गायत्री, राजकुमार विश्वकर्मा सहित प्राध्यापक मौजूद थे।

### महिला को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, महिला गंभीर रूप से घायल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** झांसी हाइवे पर दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूनोल में सोमवार की सुबह 4 बजे एक महिला शौच करने के लिए जा रही थी, तभी झांसी तरफ से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से चला गया। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 100 वाहन द्वारा घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस व स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार की सुबह 4 बजे पूनोल हार की महिला गुड्डी केवट पति तेजराम केवट उम्र 37 साल शौच के लिए जा रही थी, तभी झांसी तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के सिर, पैर, मुंह में गंभीर चोटें आईं।

# चोरी का खुलासा, पुलिस ने आरोपियों को मशरूका सहित किया गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत फरियादी संतोष कुशवाहा पित्ता हरचरन कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खेरा थाना पलेरा ने थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि मैं ग्राम खैरा का रहने वाला हूँ। खेती किसानी का काम करता हूँ दिनांक 18/04/25 के समय सुबह 07.00 बजे मैं और मेरी पत्नी जशोदा कुशवाहा के कछाईया वाले हार नदी के किनारे ग्राम खैरा ईटा पारने (बनाने) गये थे। फिर मैं दोपहर करीब 12.00 बजे अपने घर पानी भरने गया था जैसे ही मैं अपने घर पहुँचा तो बाहर का दरवाजा खुला हुआ था मैं अपने घर के अंदर आंगन में पहुँचा तो देखा की दो तीन कमरो के दरवाजे खुले व ताले टूटे पड़े थे एवं दो चोर घर में घुसे मिले जो मेरे ही गाँव के शैलेन्द्र विश्वकर्मा एवं राजेन्द्र रैकवार थे, मैंने दोनो को पकड़ा और मैं चिल्लाया तो मुझे धक्का मार कर छूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर अपराध क्र0 109/25 धारा 305,62,3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा वर्तमान समय में संपत्ति संबंधी आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतू एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस महोदय श्री सीताराम व श्री अभिषेक गौतम एसडीओपी जतारा के मार्गदर्शन में थाना पलेरा के अप.क्र.109/25 धारा 305,62,3(5) बी.एन.एस के घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास करने वाले आरोपीगणो की गिरफ्तारी हेतू थाना प्रभारी पलेरा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने ग्राम खेरा जाकर मामले के आरोपीगण शैलेन्द्र उर्फ वन्टू विश्वकर्मा पिता रमेश चन्द्र विश्वकर्मा उम्र 22 साल, राजेन्द्र पिता रतिराम रैकवार उम्र 25 साल दोनों निवासीगण ग्राम खैरा थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ को दिनांक 19.04.25 को मुखविर की सूचना पर आरोपीगण के घर ग्राम खेरा से दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

**आरोपियों की जानकारी:** 1.शैलेन्द्र उर्फ वन्टू विश्वकर्मा पिता रमेश चन्द्र विश्वकर्मा उम्र 22 साल, 2.राजेन्द्र पिता रतिराम रैकवार उम्र 25 साल दोनों निवासीगण ग्राम खैरा थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ है। जिसकी सराहनीय भूमिका संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा, उनि. एन.डी कोंदर, प्रआर0 132 रमाशंकर कुशवाहा, प्रआर0 167 रामकिशन अनुरागी, आर0 516 दीपक मिश्रा, आर0 463 प्रवेन्द्र पटेल, आर0 678 लक्ष्मण पटेल, आर0 503 ज्ञान सिंह सेंगर, आर0 478 नरेन्द्र पटेल, आर0 439 रामकृष्ण कुर्मी की विशेष भूमिका रही।

# कलेक्टर के निर्देश, जल गंगा संवर्धन अभियान में जलदूतों की सहभागिता सुनिश्चित करें



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जलदूतों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति हेतु बिन्दुवार समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान को प्रभावी बनाने के सख्त निर्देश दिये। श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करायें, खेत कुंआ, अमृत सरोवर, वाबड़ियों सहित जल स्त्रोतों को चिन्हांकित कर साफ–सफाई कराई जाये।

अभियान के पहले तथा बाद की स्थिति की फोटोग्राफ अवश्य लें, ताकि आपके कार्य का मूल्यांकन हो सके। उन्होंने सरपंच, सचिव व पटवारियों से अभियान में आ रहीं बाधाओं को पता कर जमीनी स्तर से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जल स्थानों पर यदि अतिक्रमण हो तो उसे सख्ती से हटवाया जाये। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी ग्रीष्मकाल में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगवायें तथा नियमित रूप से इनकी सफाई हो व पानी की पूर्णता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना की समीक्षा के इस दौरान उन्होंने संबल कार्ड का महत्व बताते हुये सभी नोडल अधिकारियों को शीघ्रता से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने समग्र ई–केवाईसी को अधिक से अधिक दर्ज कराने तथा समग्र आधार ई केवाईसी की समीक्षा के दौरान निकायवार कार्य में गति लाने के निर्देश दिये।उन्होंने गांव में रोजगार–पलायन पर वार अभियान अंतर्गत जिले में पलायन रोकने के लिये अधिकारियों से चर्चा कर कार्य चिन्हित कर सभी को कार्य दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आजीविका भवन में संचालित पुस्तकालय में अपनी स्वेच्छा से पुस्तकें दान करायें। ताकि उनका उपयोग हो सके ।साथ ही उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड की संस्कृति पर आधारित एक संग्रहालय की स्थापना जिले में की जायेगी।

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, उच्च न्यायालयों में लंबित कंटेम्प्ट प्रकरणों, सीएम कार्यालय, सीएम मोनीट से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की तथा 50 दिन से अधिक समय की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिये प्रमुख रूप से टारगेट बनाकर उनका निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित कंटेम्ड केसों में उत्तर दर्ज कराने और निराकरण कराने के निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, डीपीसी आरपी त्रिपाठी, डीडी विटनरी डॉ. आरके जैन, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. ऋतुता चौहान, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता, लोकसेवा प्रबंधक श्री अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### 10 वार्डों में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगर की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्रीराम यादव के मकान से सत्य जय पैलेस से वीरेंद्र कॉलोनी चौराहे तक डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन कर शुरुआत की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा आने वाले समय में नगर की सड़कों का डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया वीरेंद्र कॉलोनी, हल्लू कॉलोनी, गल्ला मंडी, गफूर बस्ती सहित लगभग 10 वार्डों की सीमा में डामरीकरण कार्य लगभग एक करोड़ के बजट से किया जा रहा है।

### चित्रकला, निबंध लेखन से दिया जल संरक्षण का संदेश



**छतरपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्त्रोतों का संरक्षण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालयों में भी पानी के महत्व को समझने और पानी के संरक्षण को लेकर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलैया विकासखंड नौगांव और पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बक्सवाहा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निबंध, चित्रकला तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हेमलता प्रजापति, नंदिनी लोधी, भगवती लोधी, वैष्णो सेन छात्राओं को प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है।

### एसडीएम ने किया वेयरहाउस और अस्पताल का निरीक्षण

# गेहूं उपार्जन केंद्रों पर देखा काम काज



**सिरोंज, देशबन्धु।** एसडीएम हर्षल चौधरी ने सोमवार को महामाया वेयरहाउस व अस्पताल की जनरल वार्ड व बच्चों के वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि किसानों को वेयरहाउस पर फसल बिकने में कोई परेशानी ना हो और वहां पर उन्हें उनसे पैसा और अनाज ना लिया जाए व फसल पास करने में सर्वेयर पैसा न ले इस प्रकार की समझाइश किसानों को दी गई। उपार्जन प्रक्रिया की जांच की गई की सही तरीके से उपार्जन किया जा रहा है की नहीं।

खरीदे गए माल की परिवहन हो रहा है कि नहीं इन सब बातों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए। दूसरी ओर अस्पताल में जनरल वार्ड में पोषण पुनर्वास केंद्र की जांच की गई व पाया कि केंद्र में 9 बच्चे हैं व इस बात की जांच की गई की उनको पर्याप्त खाने और दवाई दी जा रही है कि नहीं। इसमें पाया गया कि बच्चों का वजन बढ़ रहा है और वह पहले से स्वस्थ हैं। उनके रजिस्टरों की जांच कर यह देखा गया कि जिस समय उन्हें भर्ती किया गया था उस समय उनका वजन क्या था और आज की स्थिति में क्या है। इसमें उनके वजन में इजाफा पाया गया जो अच्छा संकेत है।

इसके अलावा वार्ड में जो गंदगी और खराब गद्दे पाए गए तब बीएमओ को निर्देश दिए गए की एक हफ्ते में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जनरल वार्ड वह अन्य वार्ड में गद्दे बेडशीट नहीं थे जबकि यह शासन के निर्देश अनुसार दिया जाना है। जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। चौधरी का कहना है कि सभी विभागों के जनहितेषी योजनाओं पर लगातार निगाह रखी जाएगी और हितग्राहियों के हितों का हनन किसी भी हाल में नहीं करने दिया जाएगा।

### नरवाई जलाने पर 2 किसानों पर जुर्माना

**सिरोंज, देशबन्धु।** तहसीलदार संजय चौरसिया ने सोमवार को नरवाई जलाने पर दो किसानों पर ढाई ढाई हजार रुपए का अर्थ दंड आरोपित किया है। नगर के युसुफ खां व रामबाबू कस्बा सिरोंज पर अर्थ दंड आरोपित लगाते हुए लिखा है कि उन्होंने फसल काटने के बाद फसल के डंठलों में आग लगाकर खेत साफ किए हैं जिसके कारण आसपास के ग्रामीणों में वह क्षेत्र की वन संपदा के जलने का भय बना हुआ था और जान माल की क्षति होने की भय बना रहता है। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति यह निर्मित होती है व प्राकृतिक वनस्पति व जीव जंतु नष्ट हो जाते हैं। हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। तहसीलदार संजय चौरसिया ने कहा है कि पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के क्रम में एक्ट 1981 के अंतर्गत फसलों की नरवाई में आग लगाने को प्रतिबंधित किया है। तहसीलदार ने दोनों कृषकों पर ढाई ढाई हजार का अर्थ दंड आरोपित कर तीन दिवस में अर्थ दंड जमा करने के निर्देश दिए हैं।

# औपचारिक रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर में चहूं और पसरे अतिक्रमण को लेकर नागरिक त्रस्त हैं और समय-समय पर प्रशासन द्वारा की जाने वाली अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई नाकाफी साबित होती है क्योंकि प्रशासन व नगर पालिका अतिक्रमण हटाते हैं और दूसरी ओर अगले ही दिन या अगले ही कुछ घंटे में पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है और धीरे-धीरे यथास्थिति हो जाती है।

प्रशासनिक तौर पर औपचारिकता कर अपने हिस्से की जिम्मेदारी पूर्ण कर ली जाती है और नागरिक परेशान रहते हैं। पूरा मुख्य बाजार,छतरी हाजीपुर, पुराना बस स्टैंड, तात्या टोपे बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में भयानक अतिक्रमण पसरा हुआ है जिससे नागरिकों का बाजार में चलना फिरना मुश्किल हो गया है। ज्ञात रहे की गत दिनों प्रशासन ने व्यवस्थाएं बनाने की कोशिश की थी जिसमें चार पहिया वाहनों की एंट्री मुख्य बाजार में सुबह 8 से रात्रि 10 तक बंद कर दी गई थी परंतु अब स्टॉपर हट गए हैं और बाजार में चार पहिया तिपहिया वाहनों के प्रवेश से अत्यंत बाधा उत्पन्न होती है और दिन में कई कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस समस्या के समाधान को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने स्वयं गत दिवस भ्रमण कर नागरिकों की सहूलियत के लिए अतिक्रमण स्वयं हटा लेने का निवेदन किया था ताकि अतिक्रमण विरोधी मुहिम से नुकसान न हो। इसी को लेकर आज प्रशासन व नगर पालिका अपना अमला लेकर तात्या टोपे बस स्टैंड पर पहुंचे जहां औपचारिकता कर इतिश्री कर ली गई।

जबकि सूत्र बताते हैं कि यह अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई बस स्टैंड, कोर्ट एरिया और मुख्य बाजार में की जाना थी परंतु आज थाने से लेकर तात्या टोपे बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाने व चालानी कार्रवाई कर नौ लोगों पर 4500 रुपए का अर्थ दंड वसूल किया गया। नागरिकों का मानना है यहां सबसे ज्यादा अतिक्रमण है वहां पर प्राथमिक तौर से कार्रवाईकी जानी चाहिए और इस पर नजर रखने के लिए नगर पालिका का एक अतिक्रमण विरोधी दस्ता नियमित देखरेख करें ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो पाए।

### बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य कार्यों की समीक्षा

# लापरवाहों को किया दंडित, तालाबों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों की जमकर क्लास ली। अपने काम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को दंडित किया गया। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी तालाबों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर बलबीर रमन, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित एसडीएम, तहसीलदार सहित जनपदों के सीईओ, निकायों के सीएमओ और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही जमीनी स्तर पर दिखे। उन्होंने कहा अतिक्रमण वाले जलाशयों में सभी सीईओ



एवं सीएमओ पहले अपने स्तर के तालाबों को चिन्हित करें, इसके बाद एसडीएम व तहसीलदार संबंधित तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराएं। तालाबों का पुनरुद्धार करने एवं नदी नालों के उद्गम स्थलों पर वृक्षारोपण कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने पर जोर दिया गया। खेत तालाब योजना में जल संचयन के लिए प्लास्टिक शीट का उपयोग करके पानी रोकने की क्षमता बढ़ाने और निर्माणाधीन जल संरचनाओं का सत्यापन सिपरी सॉफ्टवेयर से करने के निर्देश दिए गए। एनएचएआई संविदा सूचीबद्ध 24 तालाबों में तत्काल मरम्मत कार्य शुरु कराने, लाड़ली लक्ष्मी योजना के सभी लाभार्थियों को अटल पेंशन योजना में लिंक करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को बन्द पड़े हैण्डपंपों का सुधार कराने, जल संकट वाली जगहों पर पानी के परिवहन पर जोर दिया। ईई पीएचई एवं जनपद सीईओ बिजावर को संयुक्त रूप से एकल नल जल परियोजना से पानी गांवों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

#### लापरवाहों को नोटिस दिए, वेतन वृद्धि रोकी

कलेक्टर ने बिना कारण बताए बैठक में अनुपस्थित रहे महिला बाल विकास विभाग के उपसंचालक की एक दिन वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। डाइट प्राचार्य नवगछिया को सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें बंद न कराने, एनएचएआई अधिकारी को सीएम हेल्पलाइन संबंधी भ्रामक सूचना देने एवं सहकारी निरीक्षक को 1 उपार्जन केंद्र प्रारंभ न होने पर नोटिस थमाया गया।

### लोक अदालत के आयोजन की रुपरेखा बनाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में 10 मई को दूसरी मेगा नेशनल लोक अदालत के आयोजन की रुपरेखा बनाई गई है। लोक अदालत के संबंध में अधिकारियों, पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के साथ चर्चा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु प्रसाद सोलंकी ने बताया लोक अदालत में निराकरण प्रकरणों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की अपील नहीं होती एवं न्यायालय को देय कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है। इसमें कोई भी पक्ष हारता नहीं है, बल्कि दोनों ही पक्ष जीतते हैं। बताया गया है कि इसमें न्यायालय में लंबित एवं प्री.लिटिगेशन संबंधी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह से किया जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : जल स्त्रोतों की सफाई

**आष्टा, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के आदेश अनुसार 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शाला स्तर पर हाथ धुलाई इकाई की साफ सफाई, हैंड पंप के आसपास की सफाई,आगामी मानसून सीजन में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु गड्ढे तैयार कराए जायेगे।

शालाओं में विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था मटके के माध्यम से कराई गई। तथा पीने की पानी की टंकी की साफ सफाई आदि कार्य कराए गए। जन जागरूकता हेतु रेलिया का आयोजन किया जा रहा है। 30 जून तक अभियान अंतर्गत इसी प्रकार समस्त गतिविधियों का आयोजन शाला स्तर पर कराया जाएगा। शासन के निर्देश अनुसार



जल गंगा संवर्धन अभियान जल ही जीवन के तहत अजब सिंह राजपूत द्वारा पानी को रोको।

पानी बचाओ गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्कूलों में शिक्षकों को प्रेरित कर रहे हैं। वही साथ में छात्र एवं छात्राओं को भी पानी के बारे में विस्तार से बताया पानी कैसे बचाये। इसके लिए क्या करना चाहिए।

महेंद्र सिंह मालवीय ने पानी के महत्व को समझाया एवं पानी बचाने के लिए शिक्षकों सहित छात्राओं के माध्यम से रंगोली निबंध पोस्टर रंगोली परिचर्चा एवं संवाद का आयोजन किया जा रहा है । यह अभियान लगातार चलाया जाएगा इस अवसर पर बीआरसी प्राचार्य अजब सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह मालवीय , डी.एस. मालवीय ,रीना लाल,हबीब खान, जितेंद्र गुठानिया, धर्मपाल महेश्वरी,चौहान, कालू सिंह बरकरे ,उमेश बारेठा, श्रीमती मनीषा माहेश्वरी,हर्षा मालवीय एवं संदीप चौहान उपस्थित थे।

# हर कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी अधिक होगी तभी समाज आगे बढ़ेगा: दिग्विजय

**आष्टा, देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय खाती समाज के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी अधिक होना चाहिए, तभी समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज में जो नुक्ता कार्यक्रम होता है उसे बंद होना चाहिए।

अगर करो तो छोटे रूप मे करना चाहिए। समाज को फिजूल खर्च से बचना चाहिए । समाज के लोगों को एक प्रण लेना चाहिए की फसल आने पर प्रति घर 1 क्विंटल आनाज समाज को दान करना चाहिए और उस पैसे को समाज के युवाओं को रोजगार खोलने पर मदद करना चाहिए। समाज में विवाह कार्यक्रम में डीजे और शराब पर प्रतिबंध होना



चाहिए। दिग्विजय सिंह ने कहा की कमलनाथ ने कई गौशालाओं का निर्माण करवाया था। आज गौशालाओं में गायों का पता नहीं है। श्री सिंह का नगर आगमन पर कालोनी चौराहा कन्नौद रोड पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों मे पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार पूर्व नगर पालिका प्रतिनिधि विनीत सिंगी, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर ,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सोभाल सिंह मुंगली, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, मध्यप्रदेश कांग्रेस पूर्व महासचिव महेंद्र सिंह टीपाखेड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीतेन्द्र शोभाखेड़ी, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द सेमलीबारी, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उदय सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह ठाकुर, विश्राम सिंह ठाकुर , चंदर सिंह ठाकुर, संदीप सुरेन्द्र सिंह ठाकुर सोहेल मिर्ज़ा मो अशोक मंडलोई एन के यादव शामिल रहे।

# नालियों के निर्माण से मिलेगी जल भराव से मुक्ति

**सीहोर, देशबन्धु।** नगर में लम्बे समय से जलभराव की समस्या के अब खत्म होने के दिन आ गए हैं। नगर पालिका परिषद ने इस समस्या पर योजना पर तेजी से काम चल रहा है। बारिश से पहले नगर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इसको लेकर बीते दिन करीब एक करोड़ से अधिक की लागत से नालियों के निर्माण कराए गए है। इस क्रम में सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 18 में दो नालियों का निर्माण कार्य नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से कराते हुए कहा कि बारिश के पहले सभी वार्ड की नालियों का निर्माण पक्का हो जाएगा। इससे जल भराव से मुक्ति मिलेगी। भूमिपूजन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश राठौर, अर्जुन राठौर, प्रदीप गौतम, राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, लोकेन्द्र वर्मा, संतोष शाक्य, मुकेश मेवाड़ा सहित अन्य बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वार्ड



में अनेक नालियों का निर्माण बहुत जरूरी है। इसके बनने से लोगों के घरों और दुकानों से निकलने वाले पानी के कारण रोड पर जलभराव की समस्या अब नहीं होगी। उनकी भावनाओं को देखते हुए दो नालियों के निर्माण कार्य करीब 31 लाख से किया जाएगा। वार्ड के पार्षद प्रदीप गौतम ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत मनोहर कुशवाहा के घर से लेकर मंशा देवी मंदिर तक करीब 14 लाख और यश कम्प्यूटर से लेकर मछलीपुल चौराहे तक करीब 17 लाख के नालियों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने नाली निर्माण काम शुरू कराया है। जल्द ही इस नाली का निर्माण पूरा हो जाएगा। उसके बाद वार्ड के अति आवश्यक कार्य को प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

# हजयात्रा जाने वाले यात्रियों के लिए वेक्सिनेशन शिविर कल

**आष्टा, देशबन्धु।** हज यात्रा पर जाने वाले पूरे सीहोर जिले के हाजियों का वेक्सिनेशन कैम्प 23 अप्रैल को आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला हज कमेटी के अध्यक्ष अखलाक खान एवं जिला महामंत्री आरिज़ अली ने बताया कि सीहोर जिला हज कमेटी के निर्णय वेक्सिनेशन कैम्प जामा मस्जिद किला में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।

टीकाकरण शिविर में भोपाल शहर काज़ी और आष्टा शहर काज़ी फजले आरिफ बारी साहब भी मौजूद रहेंगे। जिसके साथ जामा मस्जिद में हज की ट्रेनिंग भी दी जाएगी हज कमेटी ने सभी हज पर जाने वाले हाजी साहेबान से गुजारिश की है समय का ध्यान रखे । साथ ही हाजी साहेबान पासपोर्ट साइज फोटो पासपोर्ट की फोटो कॉपी एवं ब्लड ग्रुप की जानकारी साथ में लावे । हज कमेटी जिला अध्यक्ष ने बताया कि पूरे जिले से इस वर्ष 226 लोग हज यात्रा के लिए रवाना हांगें । हज पर जाने वाले यात्रियों की पहली फलाईट 29 अप्रैल से शुरू होगी जो 29 मई तक लगातार चलती रहेगी। इस वर्ष आष्टा से 107 सिहोर से 95 एवं इछावर बुधनी आदि जगह से हज के लिए रवाना होंगे। सिहोर जिले से 226 लोग इस बार हज पर जा रहे है।

### आज विशेष स्वास्थ्य शिविर

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के सिविल अस्पताल के पीछे महिलाओं के मैत्री ग्रुप द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज किया जाएगा। उक्त जांच शिविर में मेडी सेवा अच्छी सेहत का वादा करते हुए शिविर में डॉक्टर सपन पलोड़ आंखों के विशेषज्ञ एवं डॉक्टर हर्षल हुरकट हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ द्वारा आने वाले लोगों की जांच कर उपचार किया जाएगा। डॉक्टर हर्षल हुरकट ने बताया कि 22 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सपन पलोड़ नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. हर्षल हुरकट हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच अब एक ही जगह, एक ही दिन में की जाएगी। शिविर मेडी सेवा नर्मदा आधुनिक चिकित्सा केंद्र, आयुष्मान मेडिकल, बेसमेंट, रॉयल मार्केट, सिविल अस्पताल के पीछे आयोजित किया गया है। सभी से निर्धारित समय से पहले शिविर आयोजन स्थल पर पहुंचकर पंजीयन कराने का आग्रह किया है।

# सब समझता है पर स्वयं को नहीं समझते: विनिश्चय सागर

**आष्टा, देशबन्धु।** सुना तो गर्भ में थे तभी से सुन रहे हो। वह नहीं सुन पाए जिससे हमारा कुछ हो जाए। एक व्यक्ति के चेक की बात कही। चेक पर अंक नहीं भरा था शून्य तो अनेक लगाई थी। बैंक के केशियर ने चेक वापस कर दिया, जबकि उसके खाते में लाखों रुपए जमा थे। हमारी झोली बहुत बड़ी है,उसमें पूरी दुनिया आ जाएं, लेकिन कुछ नहीं मिल रहा है। जरुरत और कीमत अंक की है। अंक लाना पड़ेगा और अंक लाओगे तो अनेक जीरो मिल जाएंगे। जीरो बटोरने में लगे हो,जीरो से फायदा क्या होगा। हमें अंक की बहुत जरुरत होती है। जीवन शैली बहुत अच्छी है ,उसमें परिवर्तन जरूरी है। जितना ज्यादा बदलोगे उतनी ही अधिक कीमत आपकी बढ़ती ही जाएगी। पड़ोसी सहित सभी को समझते है, लेकिन स्वयं को नहीं समझते हैं।आंखें खुली और संसार में रम गए हैं। उक्त बातें नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ



क्षेत्र किला मंदिर पर आचार्यश्री विराग सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्यश्री विनिश्चय सागर ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने कहां कि संसार रूपी सर्किल से मनुष्य बाहर नहीं निकल पा रहा हैं। नित्य ही शाम के समय वृक्षों पर पक्षी विश्राम हेतु बैठते हैं।प्रात:काल में वृक्षों को छोड़ देते हैं, यही स्थिति मनुष्य की है,वह जिंदगी भर धन कमाने, परिवार को पालने आदि में व्यतीत कर देता है। अच्छा समय मिलता है,आत्मा कल्याण करना चाहिए। आचार्य विनिश्चय सागर ने कहा समय की बात पहले छोटा-सा एक आईना घर में होता था और पच्चीस लोग देखने वाले होते थे और आज व्यक्ति तीन और आईने पचास लगें हैं।

**आचार्यश्री का नगर में मंगल प्रवेश**

पूज्य आचार्यश्री ससंघ व आर्यिका श्रीसंघ का हुआ मंगल नगर प्रवेश। समाज के बच्चों ने दिव्य घोष से समां बांधा। सोमवार प्रात: 8 बजे भोपाल नाका पर आचार्यश्री विराग सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्यश्री विनिश्चय सागर 7 पिच्छिका, आर्यिका श्री विनतश्री माता जी ससंघ 3 पिच्छिका का मंगल प्रवेश 21 अप्रैल को भोपाल नाका से हुआ।आचार्यश्री ससंघ भोपाल नाका से नेमिनाथ जिन मंदिर नेमिनगर साई कॉलोनी से प्रगति गली बड़ा बाजार होते हुए किला मंदिर पहुंचा। साधर्मी जनों की उपस्थिति में माताओं -बहनों ने मंगल कलश मस्तिष्क पर रखकर आचार्य संघ की मंगल आगवानी किला मंदिर परिसर में की।

# खेल जगत

## एमआई ने सीएसके के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत : मार्क बाउचर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने मुंबई इंडियन्स की चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत की जमकर तारीफ की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एमआई ने सीएसके को 9 विकेट से हरा दिया। बाउचर ने इस मुकाबले को 'पूरी तरह एकतरफा' बताया। इस मैच में पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेन्नई को 176 रन पर ही रोक दिया। सीएसके की ओर से शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद रोहित शर्मा (76 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को लगातार दूसरी घरेलू जीत दिलाई। बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मैं इस जीत से बहुत खुश हूं, ये एकदम एकतरफा मुकाबला था। मुंबई इंडियन्स लगातार एक बेहतरीन मैच खेलने की बात कर रही थी, और इस बार वो काफी हद तक उसमें सफल रही।



# दिल्ली कैपिटल्स से हिसाब चुकता करने उतरेगी लखनऊ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धू)। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के अर्द्धशतकों के बावजूद अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में तीन गेदो के बाकी रहते एक विकेट से हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब अपने घर लखनऊ के इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रिटर्न मैच में आईपीएल 2025 में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सात में पांच जीत और दो हार के साथ लखनऊ सुपर जायंटस की जयपुर में बल्लेबाजी की नई सनसनी 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की 34 रन की तूफानी और यशस्वी जायसवाल के तेज अर्द्धशतक के बावजूद आवेश के खान के मैच के आखिरी ओवर मे बेहतरीन गेंदबाजी से दो रन से जीत



■ **लखनऊ को पूरन और मार्श से बड़ी पारियों की आस**

के साथ आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार समान रूप से दस दस अंक है। दिल्ली कैपिटल्स अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस से उसके घर में पिछले मैच में जोस बटलर के 97 रन की तेज पारी के चलते सात विकेट से हार झेलनी पडी। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस के पास जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा ऐसे में दोनों टीम के बीच मंगलवार को रोचक संघर्ष की उम्मीद है। लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहने के बावजूद चार अर्धशतकों के साथ 368 रन बना रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे निकोलस पूरन और सात मैचों में चार अर्द्धशतक जड़ कुल 299 रन के साथ रन बनाने में सातवें स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले एडन मार्क्रम (कुल 274 रन), आयुष बडोनी (आठ मैच, में एक अर्द्धशतक सहित 181 रन) अब्दुल समद सात मैच 111 रन, ऋषभ पंत के अर्धशतक सहित 106 रन पर निर्भर है। दिल्ली को अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाना है तो वह शीर्ष क्रम मे 2 पूरन और मार्श से से दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारियों की आस करेगा।

### जीत का श्रेय गेंदबाजों को : ऋषभ पंत

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से खुशी के साथ राहत महसूस कर रहा हूं। इस तरह के मैच आपके चरित्र का निर्माण करते हैं। यह गजब की जीत एक टीम के रूप में यह जीत हमे एक अलग ही स्तर पर ले जाएगी। हम आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है,जिन्होंने धैर्य बनाए रखा। हमारी योजना अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की थी। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। हमें लगता है हम सही दिशा में हैं।

### इस मैच की गलतियां अगले मैच में नहीं दोहरानी : अक्षर

मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ हमने 10 -15 रन कम बनाए। यही हार जीत में निर्णायक बन गया, जब जब हमने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की तो विकेट गंवाने के साथ लय खो दी और पारी का जिस अंदाज में समापन करना चाहते थे वैसा नहीं कर पाए। हमने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी कैचिंग और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम अपने लक्ष्य से दूर रह गए। अब इस बाबत बहुत सोचने की जरूरत नहीं है।हम यह सीखना होगा कि हम क्या और बेहतर कर सकते थे। हमें यह पक्का करना होगा इस मैच की गलतियां अगले मैच में न दोहराए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

# अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू

**आईपीएल 2025**



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

एक बार फिर से सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया।

जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा। शायद आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी को अब पूरे मौके दिए जाएं। सीएसके की हार पर रायडू ने कहा कि टीम के खेलने के अंदाज में जोश और सोच की कमी थी। उन्होंने कहा कि मध्य के ओवरों में उन्होंने लगभग 7 ओवरों में सिर्फ 35 रन बनाए। आजकल टी20 क्रिकेट में इस तरह का धीमा खेल कोई नहीं खेलता। खेल बहुत बदल चुका है, और बीच के ओवरों में भी तेजी से रन बनाना जरूरी है। सीएसके के पास इरादा ही नहीं दिखा। मैच हारना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लड़ना जरूरी है। आप सिर्फ बीच के ओवरों में समय काटने की सोच नहीं रख सकते। इस पिच पर जीत के लिए कम से कम 190 रन चाहिए थे, और सीएसके जो स्कोर कर पाई, वह औसत से भी कम था। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर रायडू ने कहाकि शुरुआत में उन्होंने थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर बेहतरीन शॉट्स लगाए। उन्होंने सिर्फ ऑन साइड पर ही खेलने की कोशिश नहीं की। पहले भी उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, लेकिन आज वे कुछ बड़ा करने के इरादे से उतरे थे। वह मैदान पर समय बिताना चाहते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मैच खत्म करना चाहते थे। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी बड़ा स्कोर कर सकते हैं। अब जब टूर्नामेंट का अहम हिस्सा आ रहा है, तो ऐसी पारियां न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को आत्मविश्वास देती हैं। अब मुंबई इंडियंस बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को चेन्नई में इसी टीम से मुकाबला खेलेगी।

# बीसीसीआई सालाना अनुबंध घोषित: रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार

## नीतीश, ध्रुव, अभिषेक, सरफराज, आकाशदीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित नए अनुबंधित खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को सीनियर भारतीय पुरुष टीम के 2024-25 सीजन (पहली अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025) के लिए सालाना खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी। इसकी घोषणा बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने की।

टॉप टियर ग्रेड ए + में चार क्रिकेटरों - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा को अनुबंधित किया है। ग्रेड ए+ में बीते बरस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके रविचंद्रन अश्विन को छोड़ बाकी चारों को बरकरार रखा गया है। विराट, रोहित और रवींद्र जडेजा भारत को बीते वर्ष जून में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऋषभ पंत को ग्रेड बी से पदोन्नत कर ग्रेड ए मे सिराज, केएल राहुल , शुभमन गिल , हार्दिक पांड्या भी है। ऋषभ पंत 2022-23 के सीजन में ग्रेड ए में थे लेकिन दिसंबर, 2022 में खतरनाक सड़क दुर्घटना के चलते एक बरस से ज्यादा तक क्रिकेट न खेलने पर उन्हें ग्रेड बी मे भेज दिया था।

■ **ऋषभ पंत ग्रेड ए में, श्रेयस व ईशान एक बरस बाद फिर अनुबंधित**

ऋषभ पंत 2024 में आईपीएल से वापी की और भारत के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उसके बाद ऋषभ पंत ने दस टेस्ट, एक वन डे अंतरराष्ट्रीय और दस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इसलिए उनकी ग्रेड ए में वापसी हो गई। श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और सूर्य कुमार यादव के साथ ग्रेड बी मे जबकि ईशान किशन को ग्रेड सी मे अनुबंधित किया गया है। बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में पहली बार ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ी हैं -नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरैल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाशदीप , वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा। शार्दूल ठाकुर, केएस भरत, आवेश खान, जीतेश शर्मा जैसे बीते बरस सबसे निचले ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया है । बीसीसीआई हालांकि सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों के चार ग्रेड की राशि का खुलासा नही किया है। ऐसा अनुमान है ग्रेड ए+में शामिल क्रिकेटरो को सालाना सात करोड़ रुपये, ग्रेड ए के खिलाड़ियों को पांच करोड़, ग्रेड बी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और ग्रेड सी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना मिलने का अनुमान है।





श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने बीते बरस तब अपना बीसीसीआई का सालाना अनुबंध गवा दिया था जब इन दोनो ने खुद को घरेलख सीजन के लिए अनुपलब्ध बताया था। श्रेयस अश्शर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को सूचित किया था कि वह पीठ में ऐंठन के कारण उपलब्ध नहीं है। ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट मे अपने राज्य झारखंड के लिए खेलने की बजाय डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट को खेलने को तवज्जो दी थी। ईशान किशन 2024-25 मे झारखंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले और उन्होंने 2024-25 सीजन के लिए बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में वापस जगह बनाई। वहीं श्रेयस ने मार्च 2024 से केकेआर के कप्तान के रूप में उसे आईपीएल खिताब, मुंबई को 2023-24 मे रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी जिताने के साथ भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने जिताने में अहम भूमिका निभाई।

### बीसीसीआई के 2024-25 सीजन के लिए सालाना स्थित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**ग्रेड ए+** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा।

**ग्रेड ए**: ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी।

**ग्रेड बी** : सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी** : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे,रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी,इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## सार संक्षेप

### छोटे गांवों व कस्बों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे : रेखा

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर में कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए छोटे कस्बों और गांवों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के दौरान प्रदेश में बडा खेल ढांचा तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी देखरेख और संचालन के लिए प्रदेश सरकार लिगेसी प्लान ला रही है। कैबिनेट मंत्री पिछले दो दिन से अपनी सोमेश्वर विधानसभा के दौरे पर हैं। उन्होंने यह बात सोमेश्वर के कोट्यूडा में एक खेल मैदान के भूमि पूजन के दौरान कही। श्रीमती आर्य ने यहां दो पेयजल योजनाओं का लोकार्पण भी किया और मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने 198.21 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाईढौल पम्पिंग पेयजल योजना और कोतवाल गांव पंपिंग पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ग्राम भकुना ( ताकुला) में आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम भकुना में मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

### मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बंगलादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। जिम्बाब्वे ने आज यहां 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 17वें ओवर में नाहिद राणा ने बेन करन (18) को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद राणा ने ब्रायन बेनेट (57) को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में हसन महमूद ने निक वेल्च (दो) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। क्रेग एर्विन (आठ) को भी राणा ने आउट किया। इसके बाद शॉन विलियम्स और वेस्ली मधेवेरे की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया।

## बंगलादेश को हमुदुल हसन जॉय और मोमिनुल हक बड़ी साझेदारी की उम्मीद

**सिलहट,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक



गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दम पर जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने महमुदुल हसन जॉय के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों की जूझारू पारियों की मदद से बंगलादेश ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने एक विकेट लिया।

## आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे संजू सैमसन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। यह मुकाबला सुपर ओवर तक गया था, जिसमें राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

# 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलने भारत आएंगे कई अंतरराष्ट्रीय सितारे

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने यह खुलासा किया है कि कई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 24 मई को बेंगलुरु में होगी। यह प्रतियोगिता 'एनसी क्लासिक' के नाम से जानी जाएगी और इसे वर्ल्ड एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को ऊंचे स्तर के रैंकिंग अंक मिलेंगे, जैसे कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड प्रतियोगिता में मिलते हैं। नीरज चोपड़ा के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के एलीट महिला और पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारत में हिस्सा लेंगे। जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस मीट में नीरज ने बताया कि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन) और केन्या के जूलियस येगो (रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन) भारत आ रहे हैं। नीरज ने आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुछ नाम अभी बताए हैं, बाकी बाद में बताएंगे। भारत के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, मैंने रोहित यादव से बात की है। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (13 से 21 सितंबर, टोक्यो) के लिए क्वालीफाई करने का एक महत्वपूर्ण मौका भी होगी। हालांकि नीरज खुद पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नीरज ने बताया कि हम कम से कम 4-5 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक गोल्ड-लेवल प्रतियोगिता है, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे। जब पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के आने के बारे में पूछा गया तो नीरज ने बताया कि हमने अरशद नदीम को भी आमंत्रण भेजा है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पुष्टि नहीं मिली है।



**एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे : नीरज चोपड़ा**

# आईपीएल 2025 : रोहित ने 76 रनों की पारी खेलकर बनाए खास रिकॉर्ड

■ **रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के चलते मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में जीत की हैट्रिक लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को 9 विकेट से मात दी। इससे पहले इसी सीजन में जब दोनों टीमें पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, तब सीएसके को जीत मिली थी।



मुंबई इंडियंस की जीत न केवल अंक तालिका में उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही है बल्कि रोहित शर्मा भी अपनी फॉर्म पकड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले मैच में रोहित की बैटिंग को देखते हुए क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि 'हिटमैन' अब जल्द ही एक बड़ी पारी खेल सकते हैं। हालांकि तब रोहित ने सिर्फ 26 ही रन बनाए थे। लेकिन ताजा मुकाबले में उनके बल्ले से वैसी पारी निकली जिसकी फैंस को उम्मीद थी। एमआई के पूर्व कप्तान ने केवल 45 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और छह छक्के लगाए। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। एमआई ने इसके साथ ही सीएसके द्वारा सेट किया गया 177 रनों का टारगेट केवल 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है। इस मामले में उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल (25) और एबी डिविलियर्स (22) हैं। दोनों ही खिलाड़ी अब आईपीएल में नहीं खेलते हैं। ऐसे में रोहित के सामने दोनों ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस सीजन में उनका ये अवार्ड है। यह आईपीएल 2016 का सीजन था जब रोहित ने सबसे ज्यादा चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' जीता था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिलने की बात हो तो रोहित शर्मा अब संयुक्त तौर पर टॉप कर चुके हैं। यह सीएसके के खिलाफ उनका चौथा ऐसा अवार्ड है। रोहित शर्मा, केएल राहुल और कीरोन पोलार्ड ने ऐसा 4-4 बार किया है। डेविड वार्नर और शिखर धवन ऐसा 3-3 बार कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों में अब सिर्फ रोहित और राहुल ही सक्रिय हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी आतिशी पारी खेली और वह 68 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों धुरंधर बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की अटूट साझेदारी हुई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

मुख्यमंत्री ने क्षिप्रा के घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की

# क्षिप्रा के 29 किमी घाट 2 वर्षों में तैयार हो जाएंगे, परिक्रमा करने वाले यात्रियों को सुविधा होंगी

पंच कोशी यात्रियों का किया स्वागत, नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का किया सम्मान



**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाटों की सफाई की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने सफाई के बाद क्षिप्रा में स्नान किया। उन्होंने माँ क्षिप्रा का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारे प्रदेश के पुराने ऐतिहासिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान है। इसमें नदियों को पुनः प्रवहमान बनने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएँ, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा के घाटों को 29 किलोमीटर और बनाया जा रहा है, जिससे माँ क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल थाने को आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया साथ ही नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव नगर निगम महापौर मुकेश टटवाल, संजय अग्रवाल और जन प्रतिनिधि एवं संभाग आयुक्त संजय गुप्ता, आईजी उमेश जोगा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुई मध्यप्रदेश की साइबर तहसील पहल

प्रधानमंत्री से राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पोरवाल ने प्राप्त किया पुरस्कार




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के राजस्व विभाग को साइबर तहसील पहल के लिये प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किया। राजस्व विभाग ने साइबर तहसील पहल से राज्य में भूमि नामांतरण सेवाओं को पूरी तरह से डिजिटल, प्रभावी और नागरिकों के अनुकूल बनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस पहल के माध्यम से अब तक 1 लाख 50 हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। साइबर तहसील के अंतर्गत नामांतरण की प्रक्रिया संपत्ति रजिस्ट्री के समय ही स्वचालित रूप से शुरू हो जाती है, जिससे अलग से आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। पहले जहां इस प्रक्रिया में औसतन 70 दिन लगते थे, वहीं अब मात्र 20 दिनों में प्रकरणों का निपटारा हो रहा है। सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होने से नागरिकों को तहसील कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं जैसे सार्वजनिक सूचना, आपत्ति दर्ज कराना और प्रमाणित आदेश प्राप्त करना, एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल रूप से उपलब्ध होती हैं। इस पहल ने नागरिकों के समय और खर्च दोनों में महत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित की है और पारदर्शिता को भी बढ़ावा दिया है।

**राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना:** आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों ने भी पहल अपनाने में रुचि दिखाई। साइबर तहसील पहल को राष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक सराहना मिली है। आंध्रप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों ने इस प्रणाली को अपनाने में रुचि दिखाई है। इसे मसूरी स्थित लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भूमि संवाद कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रमुख राजस्व आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, उप राजस्व आयुक्त श्रीमती अलका सिंह वामनकर एवं उनकी तकनीकी टीम को भी समारोह में आमंत्रित किया गया था।

## मुख्यमंत्री से मिले आनंदपुर धाम के पदाधिकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को स्टेट हैंगर पर अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुरु महाराज का श्रीप्रसाद प्रदान किया और श्री आनंदपुर धाम पधारने के लिए आभार व्यक्त कर पुनः पधारने का आग्रह भी किया।

## मुख्यमंत्री से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री मुरुगन ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमावार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री श्री मुरुगन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री मुरुगन ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

विज्ञान मंथन यात्रा का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री ने निभाई शिक्षक की भूमिका और भावी वैज्ञानिकों से किया संवाद

प्रदेश के 375 भावी वैज्ञानिक नई दिल्ली एवं चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित संस्थानों का करेंगे भ्रमण



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने इस यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास परिसर से टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। उन्होंने विद्यार्थियों से अंतरिक्ष विज्ञान पर विस्तार पूर्वक संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं आप सभी के बीच मुख्यमंत्री या किसी शिक्षक नहीं मित्र के रूप में उपस्थित हूँ। आपके जीवन के लिए यह विज्ञान मंथन यात्रा उपयोगी सिद्ध होगी। पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ विद्यार्थी जब विज्ञान से जुड़े नामी-गिरामी संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करते हैं तो यह ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव शरीर और प्रकृति का भी समन्वय है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रक्रियाएं जानने और समझने का विषय है। प्राण भी 5 प्रकार के हैं, जो श्वसन प्रणाली, हृदय, वाणी, पाचन प्रणाली, उत्सर्जन और प्रजनन प्रणाली और मांसपेशी के साथ परिसंचरण प्रणाली के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैपकॉस्ट जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभा रही हैं। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे, मैपकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल, विभिन्न विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलगुरू एवं पदाधिकारी, शिक्षकगण उपस्थित थे। विज्ञान मंथन यात्रा पर जाने वाले विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्ष तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन चयनित विद्यार्थी में से दिल्ली जाने वाले समूह में प्रौद्योगिकी परिषद के आमंत्रण पर नेशनल साइंस सेन्टर, नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ प्लांट जीनोमिक रिसर्च, इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीटयूट, राष्ट्रपति भवन और नई दिल्ली के संस्थानों का भ्रमण करेंगे।

नेशनल हेराल्ड मामले में बोलीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा

# देश को गुमराह कर रही सरकार, गांधी परिवार को जानबूझकर बनाया जा रहा निशाना



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा मीडिया में भाजपा और सरकार द्वारा भ्रम फैला रही है, ताकि असली मुद्दों से जनता का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड को मुद्दा बनाकर गांधी परिवार को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। ताकि आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति से जुड़ी समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा है। कुमारी शैलजा ने सरकार पर एजेंसियों का दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्रीय एजेंसियों को राजनैतिक प्रतिशोध के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड को लेकर कहा कि अगर कोई कंपनी कर्ज से छुटकारा पाना चाहती है तो वह एक नई कंपनी बनाती है और उस कर्ज को नई कंपनी में ट्रांसफर करती है। कंपनी कानून के मुताबिक यह कानूनन सही है। जब पैसा ही नहीं है तो इसमें लॉन्ड्रिंग कहां है? सरकार एजेंसियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का झूठा प्रचार करके कानून का दुरुपयोग कर रही है। कुमारी शैलजा ने सवाल उठाया कि प्रवर्तन निदेशालय को जवाब देना चाहिए कि एजेंसी ने एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को क्यों नहीं हुआ। यह बदले की राजनीति, धमकी, उत्पीड़न और भय फैलाने की राजनीति है। हमें कितना भी चुप कराने की कोशिश करें, हम चुप नहीं होंगे। जो दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं, वे खुद डरे हुए हैं। जिसका कांग्रेस डटकर सामना करेगी।

# दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि इस बार वो मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा जहां-जहां चुनाव हारती है वहां साम दाम दण्ड भेद अपनाकर सरकारें बनाती है। दूसरी पार्टियों को तोड़कर भाजपा सरकार बनाती है। एमसीडी चुनाव को गुजरात चुनाव के साथ कराया गया, लेकिन उनकी कोई कोशिश सफल नहीं हुई। पिछले ढाई साल से आम आदमी पार्टी के पार्षदों को भाजा तोड़कर लेकर के गई। हम किसी भी विधायक या पार्षद को खरीदने बेचने में यकीन नहीं करती। आम आदमी पीर्टी के मेयर चुनाव में हिस्सा न लेने के फैसले के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी नगर निगम (एमसीडी) वार्षिक मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। सचदेवा ने कहा कि सरदार राजा इकबाल सिंह पूर्व में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर रह चुके हैं और वर्तमान में एमसीडी में विपक्ष के नेता हैं। दिल्ली के विकास और निगम की कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए सही विकल्प हैं। वहीं, दो बार के पार्षद जय भगवान यादव को उप मेयर पद के लिए चुना गया है। सचदेवा ने विश्वास जताया कि दोनों नेता मिलकर दिल्ली की जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। सेंटर में एमसीडी के महापौर पद के लिए राजा इकबाल सिंह व उपमहापौर के पद पर जय भगवान यादव ने नामांकन दाखिल किया। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद कमलजीत सहरावत और योगेंद्र चंदोलिया मौजूद रहे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उनकी पार्टी इस बार मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस दिल्ली की जनता के लिए बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने पर है न कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा पर। आप की ओर से इस फैसले ने एमसीडी चुनाव की दौड़ को और दिलचस्प बना दिया है, क्योंकि आप के पास वर्तमान में 142 वोटों का समर्थन है, जबकि भाजपा के पास 122 वोट हैं।

### 25 अप्रैल को होगा दिल्ली मेयर चुनाव

दिल्ली में आगामी मेयर चुनाव 25 अप्रैल को होने हैं और भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव को लेकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। पार्टी ने राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह ऐलान किया और इस मौके पर आम आदमी पार्टी को जमकर निशाने पर लिया।

## झारखंड में 8 नक्सली ढेर, बोकारो में 1 करोड़ का इनामी भी मारा गया

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो में सोमवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई में 8 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित नक्सली विवेक भी शामिल है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पास से एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक पिस्टल बरामद की है, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी है कि उन्होंने झारखंड के बोकारो जिले के ललपनिया क्षेत्र में राज्य पुलिस के साथ मिलकर एक अभियान चलाया, जिसमें चार नक्सलियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ के दौरान जवानों ने एक एसएलआर और एक इंसास राइफल भी बरामद की है। सीआरपीएफ के एक अधिकारी के अनुसार, बोकारो के लालपनिया क्षेत्र में लुगु हिल्स में सुबह लगभग 5:30 बजे 209 कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन के जवान एक ऑपरेशन में जुटे थे, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने तत्परता से जवाबी कार्रवाई की और इस मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया।

## प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने की थी कोशिश, महीने भर बाद दोनों हिरासत में

**ग्वालियर, एजेंसी।** पिछले महीने एक चौंका देने वाली खबर सामने आई थी, जिसमें एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को कार से रौंदकर जान से मारने की कोशिश की थी। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र की है और पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना ने न केवल पुलिस को गुमराह किया, बल्कि रिश्तों की हकीकत भी उजागर कर दी। घटना 21 मार्च की है, लेकिन इसका खुलासा तब हुआ जब घायल पति अनिल पाल ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पहले पुलिस को यह एक सामान्य हिट एंड रन मामला लगा, लेकिन जब सीसीटीवी फुटेज सामने आया और पत्नी रजनी पाल व उसके प्रेमी मंगल सिंह कुशवाह से पूछताछ हुई, तो पूरा मामला ही पलट गया। अनिल पाल स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं और 2016 में रजनी पाल से शादी की थी। उनके तीन बच्चे भी हैं। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में रजनी बहाने बनाकर अक्सर मायके जाने लगी। अनिल को शक हुआ तो उसने जांच शुरू की और पता चला कि रजनी का अपने मामा के पड़ोसी मंगल सिंह कुशवाह से लंबे समय से प्रेम संबंध है, जो शायद शादी से पहले से ही चल रहा था।

**कैसे रची गई साजिश?:** 20 मार्च को रजनी ने पेट दर्द का बहाना बनाकर घर छोड़ा और कहा कि वह इलाज के लिए जा रही है। जब वह देर शाम तक नहीं लौटी, तो अनिल ने उसकी तलाश शुरू की और उसे बस स्टैंड पर मंगल सिंह के साथ नीली कार से उतरते हुए देखा। जब अनिल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दोनों ने कार चढ़ा दी और उसे करीब 50 मीटर तक सड़क पर घसीट दिया।

**राहगीरों ने बचाई जान, सीसीटीवी बना गवाह:** स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और गंभीर रूप से घायल अनिल को अस्पताल पहुंचाया गया। ठीक होने के बाद अनिल ने पुलिस को घटना का पूरा विवरण दिया और सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए। इसके आधार पर मामले को हत्या की कोशिश में बदला गया। एक महीने की तलाश के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का....** की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार जी-7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार होगा। इसमें कई दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उनके पार्थिव शरीर को दर्शनों के लिए रखा जाएगा। दुनिया भर से लोग अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। अभी तक अंतिम संस्कार के समय की घोषणा नहीं की गई है।

**चुनाव आयोग ने कर लिया....** कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो अच्छा होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चुनाव प्रोसेस को लेकर राहुल के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने पूछा था कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार नहीं बनाती है, यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष शासित हर राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ ये कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर यहां चर्चा हो जाए। राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।

**विदेशी धरती पर देश का....** जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं।

**पुलिया से टकराकर खाई....** को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। मृतक मोहनलाल कुरील पुत्र महावीर प्रसाद 68 वर्ष, निवासी इंदौर, चंदा देवी पुत्र मोहनलाल 60 वर्षी निवासी उदयपुर राजस्थान, नरेंद्र पुत्र बालाराम चौपड़ा 30 वर्ष निवासी इंदौर, सरिता पत्नी रवि खोलवाल 25 वर्ष, निवासी इंदौर, तस्वी उर्फ चीनू पुत्र रवि 02 वर्ष, निवासी इंदौर, सौरथ शर्मा, चालक। घायल दीपक पुत्र बालाराम चौपड़ा निवासी उज्जैन (दूल्हा), रवि खोलवाल पुत्र भगीरथ 27, निवासी इंदौर, संगीता 25 वर्ष (दुल्हन)।

**जनसेवा प्रभावी माध्यम है....** ने सभी अवार्डियों को उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए बधाई देकर एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की कठिनाइयों एवं समस्याओं को समझे और उन्हें समुचित समाधान भी प्रदान करें। उन्होंने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और शासन को जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रभावी बनाने की ओर अग्रसर करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे कामों और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। इसीलिए सभी लोक सेवक शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और लोक जवाबदेही की भावना को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करें। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर साल 21 अप्रैल अधिकारी/कर्मचारियों के लिए आत्ममंथन करने का दिन है। लोक सेवकों को सोचना चाहिए कि सालभर में उन्होंने जनसेवा और प्रशासन की मजबूती के लिए क्या अच्छा किया और इसके आगे क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के मिशन को पूरा करने में प्रदेश की भूमिका और विकसित मध्यप्रदेश के लिए सभी लोकसेवक कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश के सभी अधिकारी ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि न्यू इंडिया का सपना साकार करने में अनुभवी अधिकारियों के साथ युवा अफसरों के कंधों पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला के मुख्य वक्ता डॉ. दीपक बागला, राज्य शासन के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।